प्रसारित - आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद, अलीगढ़, हाथरस, कासगंज, एटा, मैनपुरी, बुलंदशहर, गाजियाबाद, लखनऊ, कानपुर | गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

साप्ताहिक

# मॉर्निंग सिटी

सच के साथ...

वर्ष - 10 अंक 32, 23 नवम्बर से 29 नवम्बर, 2025 मूल्य- 10 रुपये | पृष्ठ 8 WWW :morningcity.in

यूपी का सर्वश्रेष्ठ न्यूज प्लेटफॉर्म

मॉर्निंग सिटी



पीएम मोदी की अगुवाई में अफ्रीका जी-20 ने बदल दिए दुनिया के नियम

## जी-20 की टूटी परंपरा, अमेरिका का बायकॉट फिर भी प्रस्ताव पास

**दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन में शामिल देशों ने जलवायु परिवर्तन पर एक ऐतिहासिक घोषणापत्र पारित किया है। पीएम मोदी की अगुवाई में अफ्रीका जी-20 ने दुनिया के नियम बदल दिए। जी20 देशों के समूह की ओर से घोषणापत्र पर अमेरिका के विरोध और बहिष्कार के बाद बावजूद सर्वसम्मति से सहमति बनी है।**

नई दिल्ली

इतिहास गवाह है कि सदियों से दुनिया के नियम चंद अमीर देश तय करते आए हैं, लेकिन 22 और 23 नवंबर 2025 को जोहान्सबर्ग में जो हुआ, उसने पुरानी विश्व व्यवस्था की नींव हिला दी है। अमेरिका और यूरोप के कुछ देशों की दादागिरी और अब नहीं चलेगी। पहली बार अफ्रीका की धरती पर जी-20 का शिखर सम्मेलन हुआ। यह महज एक बैठक नहीं थी। यह ग्लोबल साउथ का शक्ति प्रदर्शन था। जी20 समूह की ओर से उठाए गए इस कदम को परंपरा के हटकर बताया जा रहा है, क्योंकि जी20 में शामिल दुनिया भर के नेताओं ने जलवायु परिवर्तन को लेकर अमेरिका की अनुपस्थिति में एक संयुक्त घोषणापत्र पारित किया।



### मेलोनी से की मुलाकात सिल्वा को लगाया गले

पीएम मोदी ने जी 20 समिट में इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी और दुनियाभर के नेताओं से मुलाकात की। इस दौरान ब्राजीली राष्ट्रपति लूला डि सिल्वा को उन्होंने गले लगा लिया। मोदी ने शनिवार को ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर और संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस से मुलाकात की।

### अफ्रीका में पहला जी20 शिखर सम्मेलन

अफ्रीका में आयोजित पहला जी20 शिखर सम्मेलन दुनिया के सबसे गरीब देशों को प्रभावित करने वाली लंबे समय से जारी कुछ समस्याओं के समाधान की दिशा में आगे बढ़ने के महत्वाकांक्षी एजेंडा के साथ शनिवार को शुरू हुआ। दुनिया की सबसे समृद्ध एवं प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्थाओं के नेता और शीर्ष सरकारी अधिकारी दक्षिण अफ्रीका के प्रसिद्ध सोवेटो कस्बे के पास स्थित एक प्रदर्शनी केंद्र में एकत्र हुए, ताकि वे मेजबान देश द्वारा निर्धारित प्राथमिकताओं को लेकर किसी सहमति पर पहुंचने की कोशिश कर सकें। इन प्राथमिकताओं में बढ़ती वैश्विक असमानता को कम करने के उपायों के तहत जलवायु-संबंधी आपदाओं से उबरने के लिए गरीब देशों को अधिक सहायता देना शामिल है।

**पीएम मोदी बोले**

### आतंकवाद को खत्म करने रोकनी पड़ेगी फेंटेनिल की तस्करी

अमेरिकी टैरिफ की वजह से दुनिया में मची हुई आर्थिक अस्थिरता और जटिल संघर्षों के दौर में शनिवार को दक्षिण-अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में जी-20 शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया। भारत की तरफ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसमें शिरकत की और पहले उद्घाटन सत्र में ही नई दिल्ली के 'वसुधैव कुटुंबकम और एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य' के व्यापक दृष्टिकोण के तहत चार महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखें। आतंकवाद का मुद्दा भी इसमें शामिल है। जिसे लेकर प्रधानमंत्री ने खासतौर पर फेंटेनिल मादक पदार्थ का उल्लेख करते हुए इसकी तस्करी पर समूह देशों से तत्काल प्रभाव से रोक लगानी चाहिए।

## यूपी में अवैध घुसपैठियों के लिए बनेंगे अस्थायी डिटेंशन सेंटर, सीएम योगी का निर्देश- सख्त कार्रवाई करें

लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को अवैध घुसपैठ पर त्वरित और सख्त कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था, राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक समरसता सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक जिला प्रशासन अपने क्षेत्र में रहने वाले अवैध घुसपैठियों की पहचान सुनिश्चित करे और नियमानुसार कार्रवाई शुरू करे। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया है कि घुसपैठियों को रखने के लिए प्रत्येक जनपद में अस्थायी डिटेंशन सेंटर बनाए जाएं। इन केंद्रों में विदेशी नागरिकता के



अवैध व्यक्तियों को रखा जाएगा और आवश्यक सत्यापन की प्रक्रिया पूरी होने तक वहीं आवास सुनिश्चित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि डिटेंशन सेंटर में रखे गए अवैध घुसपैठियों को तय प्रक्रिया के तहत उनके मूल देश भेजा जाएगा।

### माघ मेले में 15 करोड़ लोग आएंगे

**प्रयागराज।** सीएम योगी ने प्रयागराज में स्टीमर से माघ मेले की तैयारियों को देखा। पक्षियों को दाना खिलाया। 11 ब्राह्मणों के मंत्रोच्चार के बीच संगम नोज पर गंगा पूजन किया। मां गंगा को दूध अर्पित किया। फिर अफसरों के साथ माल मेले की समीक्षा की। इसके बाद सीएम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा- 9 महीने बाद मैंने गंगा पूजन किया। माघ मेले की तैयारी शुरू हो चुकी है। 2024 की तुलना में इसका दायरा बढ़ाया गया है। इस बार माघ मेला 800 हेक्टेयर में बसेगा और 12-15 करोड़ लोग संगम में स्नान करेंगे। सीएम सुबह 10 बजे प्रयागराज के बमरौली एयरपोर्ट पहुंचे। यहां से सबसे पहले योगी सिविल लाइंस के होटल कान्हा-श्याम पहुंचे। यहां हाईकोर्ट के सीनियर जज एम.सी. त्रिपाठी की बेटी के शादी कार्यक्रम में शामिल हुए। योगी ने दूल्हा-दुल्हन को आशीर्वाद दिया। करीब 30 मिनट तक कार्यक्रम में रुकने के बाद भाजपा विधायक हर्षवर्धन बाजपेयी के घर पहुंचे। यहां पास में ही बनाए गए एक मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां से सीधे सीएम माघ मेला क्षेत्र पहुंचे और लेटे हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की। इससे पहले, सीएम 31 मई को प्रयागराज पहुंचे थे। इलाहाबाद हाईकोर्ट परिसर में अधिवक्ता चैंबर और मल्टीलेवल पार्किंग भवन का उद्घाटन किया था।

## संसद में सरकार लाएगी 10 नए बिल, परमाणु क्षेत्र में निजी कंपनियों के प्रवेश का खुलेगा रास्ता

नई दिल्ली

संसद का शीतकालीन सत्र 1 दिसंबर से शुरू होने जा रहा है और सरकार इस बार 10 नए विधेयक (बिल) पेश करने की तैयारी में है। इनमें सबसे महत्वपूर्ण है 'परमाणु ऊर्जा विधेयक, 2025', जो देश के नागरिक परमाणु क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोलने का रास्ता बनाएगा। अब तक यह क्षेत्र पूरी तरह सरकारी नियंत्रण में रहा है। सरकार का कहना है कि यह नया कानून परमाणु ऊर्जा के उपयोग और उसके नियमन से जुड़े ढांचे को आधुनिक और प्रभावी बनाएगा। इससे देश में ऊर्जा उत्पादन और तकनीकी विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है। सत्र के एजेंडे में हायर एजुकेशन कमीशन ऑफ इंडिया बिल भी शामिल है। लोकसभा के बुलेटिन



के मुताबिक यह बिल ऐसे आयोग की स्थापना करेगा, जो विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षा संस्थानों को अधिक स्वायत्तता दे, उन्हें स्वतंत्र और स्वयं-शासित संस्थान बनने में मदद करे और मान्यता की प्रक्रिया को पारदर्शी और मजबूत बनाए। यह प्रस्ताव काफी समय से सरकार की योजना में रहा है और अब इसे आगे बढ़ाया जा रहा है। सरकार कुछ पुराने कानूनों को भी आसान और आधुनिक बनाने की दिशा में कदम उठाने जा रही है। इसमें कई अहम बिल शामिल हैं।

1. नेशनल हाईवेज (संसोधन) बिल- राष्ट्रीय राजमार्गों के लिए जमीन अधिग्रहण को तेज, पारदर्शी और सरल बनाने का लक्ष्य।

2. कॉरपोरेट लॉज (संसोधन) बिल, 2025- कंपनियों अधिनियम 2013 और एलएलपी एक्ट 2008 में बदलाव के जरिए 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को बढ़ावा देना।

3. सिक्योरिटीज मार्केट्स कोड (एसएमसी) बिल, 2025- सेबी अधिनियम, डिपॉजिटरी अधिनियम और प्रतिभूति अनुबंध विनियमन अधिनियम- इन तीन पुराने कानूनों को समेटकर एक ही 'सिक्योरिटीज मार्केट्स कोड' बनाने का प्रस्ताव।

## नशेड़ी ने पत्नी की हत्या कर कुएं में फेंकी लाश

बिहारपुर

- ऊपर से भर दिया पुआल, फरार आरोपी की तलाश

सूरजपुर जिले में पत्नी की कहासुनी से नाराज नशेड़ी पति ने डंडे व सिलबट्टे से हमला कर बेहरमीपूर्वक पत्नी की हत्या कर दी। साक्ष्य को छिपाने के लिए मृतका की लाश को पास के कुएं में फेंक दिया। आरोपी पति ने लाश के ऊपर पुआल डाल दिया ताकि किसी की नजर ना बड़े। छोटे बेटे की सूचना पर मृतिका की लाश को कुएं से बरामद हो गई। घटना के बाद आरोपी पति फरार हो गया है।

सूरजपुर जिले के दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नवाटोला माझापारा निवासी अशोक राजक आदतन नशेड़ी है। नशे में वह आए दिन अपनी पत्नी देव कुमारी के साथ विवाद और मारपीट करता था। बीती रात वह शराब के नशे में घर पहुंचा तथा पत्नी देव कुमारी से किसी बात को लेकर विवाद करने लगा।

### आरोपी की तलाश

सूचना पर पहुंची पुलिस एवं एफएसएल की टीम की मौजूदगी में लाश को बाहर निकाला गया। पुलिस व एफएसएल की टीम घटना की जांच कर रही है। थाना प्रभारी प्रदीप सिदार ने बताया कि मामले की जांच चल रही है और आरोपी की तलाश जारी है।

जांच में जुटे 200 पुलिस कर्मी

## सात करोड़ की डकैती, पुलिस कांस्टेबल समेत 3 गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरू

बेंगलुरू पुलिस ने शहर में हाल ही में हुई सात करोड़ रुपए की लूट का खुलासा कर दिया है। एक पुलिस कांस्टेबल समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस ने लूटे गए सात करोड़ में से करीब पांच करोड़ रुपए भी बरामद कर लिए हैं। अब पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर लूट में शामिल अन्य संदिग्धों की तलाश में जुटी है।


### 5 करोड़ से ज्यादा की रकम बरामद

बेंगलुरु पुलिस आयुक्त सीमांत कुमार सिंह ने मीडिया से बातचीत में बताया कि अब तक 5.76 करोड़ रुपए बरामद किए गए हैं। बाकी रकम का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। सिंह ने कहा, 'हमने ग्यारह टीमें बनाई थीं और इस काम के लिए 200 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को लगाया था। 30 से ज्यादा लोगों से पूछताछ की गई और तीन को गिरफ्तार किया गया है।

### राष्ट्रपति मुर्मू ने सत्य साईं बाबा को सेवा मार्ग पर चलने की प्रेरणा बताया

**पुट्टपर्थी (आंध्र प्रदेश)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आंध्र प्रदेश दौरे पर सत्य साईं बाबा जन्म शताब्दी समारोह में भाग लिया। श्री सत्यसाईं जिले के पुट्टपर्थी में आयोजित इस समारोह में राष्ट्रपति ने कहा 'श्री सत्य साईं बाबा ने इस विश्वास पर जोर दिया कि 'मानव सेवा ही ईश्वर सेवा है। उन्होंने अध्यात्म को निस्वार्थ सेवा और व्यक्तिगत परिवर्तन से जोड़ा। साईं बाबा ने लाखों लोगों को सेवा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया।' मुर्मू ने कहा, सत्य साईं बाबा ने अपने अनुयायियों से आध्यात्मिकता को जन कल्याण के साथ जोड़ने का आग्रह किया था। उन्होंने कहा कि यह संतोष की बात है कि इतने सारे देशों में उनके भक्त वंचितों की सेवा कर रहे हैं।

## जी-20 शिखर सम्मेलनः राष्ट्रपति लूला को गले लगाया...मेलोनी संग ठहाके, पीएम मोदी की डिप्लोमेसी का नया अंदाज



वॉशिंगटन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जोहानिसबर्ग में चल रहे जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने बहुपक्षीय विचार-विमर्श में भाग लेते हुए विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। साथ ही भारत-इटली के मजबूत संबंधों में प्रगाढ़ता पर संतोष जाहिर किया। मुलाकात में दोनों ने रक्षा, सुरक्षा, व्यापार, प्रौद्योगिकी और स्वच्छ ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया।

इसके साथ ही उन्होंने ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डि सिल्वा के साथ भी मुलाकात करते नजर आए। में मुलाकात के दौरान मोदी ने ब्राजील के राष्ट्रपति लूला को गले लगाया। राष्ट्रपति लूला मोदी की पीठ थपथपाते नजर आए। पीएम मोदी शिखर सम्मलेन के पहले दिन कई देशों के प्रमुखों के साथ बातचीत करते दिखे।

अफ्रीका की धरती पर आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक विकास के पैमानों को नए सिरे से सोचने की जरूरत पर जोर दिया। 'सबको साथ लेकर समावेशी और टिकाऊ आर्थिक विकास' विषय पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि जी20 ने भले ही दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं को दिशा दी हो, लेकिन मौजूदा विकास मॉडल ने बड़ी आबादी को संसाधनों से दूर रखा है और प्रकृति के अत्यधिक दोहन को बढ़ावा दिया है, जिसका असर अफ्रीकी देशों में सबसे ज्यादा महसूस होता है।

## ट्रंप-ममदानी के बहाने इशारों में क्या राहुल गांधी के लिए संदेश दे गए थरूर? भाजपा ने भी कसा तंज

नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद शशि थरूर के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और न्यूयॉर्क मेयर जोहरान ममदानी की मुलाकात को लेकर किए गए पोस्ट को भाजपा ने हाथोंहाथ लिया है। भाजपा ने शनिवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए सवाल दागा कि क्या लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को 'संदेश समझ में आएगा'?

शशि थरूर ने अमेरिका में राजनीतिक साझेदारी के प्रदर्शन की तारीफ की थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्हाइट हाउस में न्यूयॉर्क के नवनिर्वाचित मेयर और अपने कट्टर आलोचकों में से एक जोहरान ममदानी से मुलाकात वाली एक पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए थरूर ने मतदाताओं की इच्छा का सम्मान करने और राष्ट्र के बेहतर हित के लिए काम करने की बात कही थी। कांग्रेस नेता ने एक्स पर पोस्ट किया, 'लोकतंत्र को इसी तरह काम करना चाहिए। बयानबाजी पर बिना किसी रोक-टोक के चुनावों में अपने नजरिये के लिए जोश से लड़ें, लेकिन एक बार जब चुनाव खत्म हो जाए और लोग अपना जनादेश दे दें, तो उस देश के साझा हितों में एक-दूसरे के साथ सहयोग करना सीखें जिसकी सेवा करने का आप दोनों ने संकल्प लिया है। मैं भारत में भी ऐसा ही देखना चाहूंगा - और मैं अपनी भूमिका निभाने की कोशिश कर रहा हूं।"

कांग्रेस सांसद की इस टिप्पणी को चुनाव बाद आपसी सहयोग की बड़ी अपील के तौर पर देखते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने राहुल गांधी पर निशाना साधा। शहजाद पूनावाला ने थरूर की पोस्ट को टैग करते हुए कहा,



### कांग्रेस ने बनाई थरूर के बयानों से दूरी

ऐसा पहली बार नहीं हुआ है, जब शशि थरूर के किसी बयान या टिप्पणी पर भाजपा ने कांग्रेस पर निशाना साधा हो। हाल ही में एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण की तारीफ करने पर उनकी पार्टी के नेताओं ने कड़ी आलोचना की थी। कांग्रेस के पूर्व सांसद संदीप दीक्षित ने थरूर को पाखंडी बताते हुए सवाल पूछा था कि आप कांग्रेस में क्यों हैं? कांग्रेस कई मौकों पर विपक्षी नेताओं की तारीफ करने की वजह से तिरुवनंतपुरम के सांसद थरूर से दूरी बना कर चलती है। कांग्रेस की ओर से कहा गया है कि ये बयान उनके निजी हैसियत से दिए गए हैं और पार्टी का इससे लेना-देना नहीं है।

'एक बार फिर शशि थरूर ने कांग्रेस को याद दिलाया है कि परिवार को नहीं, बल्कि भारत को प्राथमिकता देनी चाहिए। लोकतांत्रिक तरीके से बर्ताव करना चाहिए, न कि हारे हुए लोगों की तरह। लेकिन क्या राहुल गांधी को संदेश मिलेगा? शशि थरूर के खिलाफ एक और फतवा?"

## जंगल में चल रही थी अवैध हथियार फैक्ट्री, मप्र एटीएस और महाराष्ट्र पुलिस ने कार्रवाई में 10 संदिग्ध पकड़े

बड़वानी

जिले के सेंधवा अनुविभाग अंतर्गत वरला थाना क्षेत्र के उमर्टी गांव में शनिवार सुबह पुलिस टीम ने संयुक्त दबिश देकर बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। यह कार्रवाई मप्र एटीएस सहित मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र पुलिस की टीमों ने सुबह 4 बजे दबिश देकर की। अभियान में दोनों राज्यों के 250 से अधिक पुलिसकर्मी शामिल थे।

कार्रवाई में पुणे पुलिस, मध्य प्रदेश एटीएस, बड़वानी पुलिस, खरगोन पुलिस और खंडवा पुलिस की टीमें मौजूद थीं। फैक्ट्री जंगल और पहाड़ी क्षेत्र की आड़ में लंबे समय से संचालित हो रही थी। पुलिस के मुताबिक महाराष्ट्र के पुणे में गत दिनों हथियार मिले थे, जिसके बाद यह संयुक्त कार्रवाई की गई है। पुलिस को फैक्ट्री से हथियार निर्माण में उपयोग होने वाली मशीनें, औजार, उपकरण और अन्य सामग्री की भारी खेप मिली। मौके पर कई अधबने कट्टे और पिस्टल भी मिले। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, जब्त सामग्री से लगभग 500 से अधिक अवैध हथियार तैयार किए जा सकते थे।



बरामदगी के आधार पर यह स्पष्ट हुआ कि फैक्ट्री का संचालन बड़े पैमाने पर किया जा रहा था और इसे छिपाने के लिए पहाड़ी क्षेत्रों का उपयोग किया गया था।

बड़वानी एसपी जगदीश डावर ने बताया कि एटीएस सहित मप्र और महाराष्ट्र पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई की है। क्षेत्र में अवैध गतिविधियों को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही थीं। इसी आधार पर पुलिस टीम ने कई दिनों तक गुप्त निगरानी की। पुख्ता इनपुट मिलने के बाद शनिवार सुबह संयुक्त ऑपरेशन चलाया गया। डावर ने इसे अवैध हथियार तस्करी नेटवर्क पर अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई बताया। बरामद हथियारों, उपकरणों और सामग्री की फोरेंसिक जांच कराई जाएगी और यह भी पता लगाया जाएगा कि हथियार किन जिलों और राज्यों में सप्लाई किए जा रहे थे। एसपी ने बताया कि महाराष्ट्र पुलिस ने कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया है। सेंधवा एसडीओपी अजय वाघमारे ने बताया कि महाराष्ट्र के पुणे में गत दिनों मिले हथियारों के बाद यह संयुक्त कार्रवाई की गई है। कार्रवाई में 7 आरोपियों को पकड़ा गया है। महाराष्ट्र पुलिस को आरोपियों के सुपुर्द किया है।

संयुक्त कार्रवाई में 10 से अधिक संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस का मानना है कि यह नेटवर्क कई जिलों में सक्रिय हो सकता है और इसके पीछे एक संगठित गिरोह काम कर रहा है। टीम अब जब्त मोबाइल फोन, दस्तावेजों और कॉल डिटेल्स के आधार पर पूरे नेटवर्क की कड़ियां खंगाल रही है। शुरूआती जांच के आधार पर आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां होने की संभावना है। इस संयुक्त ऑपरेशन को मध्य प्रदेश के बड़वानी एसपी जगदीश डावर और महाराष्ट्र के पुणे डीसीपी जोन-4 डॉ. सोमय मुंडे ने लीड किया। दोनों राज्यों की कई विशेष टीमें इस पूरे अभियान में सक्रिय रहीं।

## श्रीनगर के बटमालू में एसआईए का छापा, 'सफेदपोश टेरर मॉड्यूल' का आरोपी तुफेल भट गिरफ्तार

श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर पुलिस की राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने शनिवार को सफेदपोश टेरर मॉड्यूल मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान शहर के बटमालू इलाके के निवासी तुफेल नियाज भट के रूप में हुई है। यह गिरफ्तारी मॉड्यूल की चल रही जांच के तहत की गई है। सूत्रों के अनुसार, यह पूरा मॉड्यूल अक्तूबर के मध्य में बुनपोरा और नौगाम में पुलिस और सुरक्षाबलों को धमकी देने वाले पोस्टरों की जांच के दौरान पकड़ा गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (श्रीनगर) डॉ. जी.वी. सुंदर चक्रवर्ती ने खुद इस मामले की जांच का नेतृत्व किया। सीसीटीवी फुटेज और जांच के बाद पहले तीन संदिग्ध आरिफ निसार दर (उर्फ साहिल), यासिर-उल-अशरफ और मकसूद अहमद दर (उर्फ शाहिद) को गिरफ्तार किया गया। उनके पूछताछ से मौलवी इरफान अहमद, एक पूर्व पैरामेडिक और मौलाना, गिरफ्तार हुए, जिन्होंने कथित रूप से पोस्टर सप्लाई किए और डॉक्टरों को उग्रवादी बनाया। जांच का पता अल-फलाह यूनिवर्सिटी, फरीदाबाद तक गया, जहां डॉ. मुजफ्फर गनाई और डॉ. शाहीन सईद को गिरफ्तार किया गया और लगभग 2,900 किलो विस्फोटक सामग्री बरामद की गई।

### प्रधानमंत्री मोदी ने भविष्य की राह दिखाने वाले तीन बड़े वैश्विक कदम पेश किए

**पहला-** ग्लोबल ट्रेडिशनल नॉलेज रिपॉजिटरी- दुनिया भर की पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों को एक मंच पर लाने और उन्हें सुरक्षित, संरक्षित और उपयोगी बनाने का प्रयास।


**दूसरा-** जी20-अफ्रीका स्किल्स मल्टीप्लायर इनिशिएटिव- युवाओं के कौशल विकास को तेज कर अफ्रीका में रोजगार और नवाचार के नए अवसर तैयार करना।

**तीसरा-** ड्रग-आतंक नेटवर्क से निपटने के लिए जी20 पहल -नशे के कारोबार और आतंकवाद के बीच गहरे संबंध को काटने के लिए संयुक्त वैश्विक प्रयास। पीएम मोदी ने कहा कि यह पहल वित्तीय प्रवाहों पर नकेल डालेगी, तस्करी नेटवर्क तोड़ेगी और आतंक के आर्थिक स्रोतों को कमजोर करेगी।

पीएम मोदी ने इस दौरान जोर देकर कहा कि दुनिया को ऐसा विकास मॉडल चाहिए जो प्रकृति से संतुलन रखे और हर क्षेत्र, खासकर अफ्रीका जैसे उभरते महाद्वीप, को बराबर अवसर दे।

## सम्पादकीय

# बिहार बदलने वाले नीतीश के सामने असली इम्तिहान ?





सुशील कुमार सिंह प्रधान संपादक

बिहार में चुनावी प्रक्रिया पूरी होने के बाद गुरुवार को नई सरकार का गठन हो गया। पटना के गांधी मैदान में नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री पद की दसवीं बार शपथ ली। इसी के साथ उन्होंने ज्यादा समय तक सत्ता में रहने वाले शीर्ष दस मुख्यमंत्रियों की सूची में जगह बना ली। इसमें दोराय नहीं कि लंबे समय तक सत्ता में रहते हुए नीतीश कुमार ने कई तरह के उतार-चढ़ाव देखे। मगर उनके गठबंधन को इस बार जितना बड़ा जनादेश मिला है, उसके मद्देनजर शायद उतनी ही बड़ी चुनौतियां भी सामने हैं। अपने पिछले कार्यकाल के दौरान नीतीश कुमार ने सुशासन सुनिश्चित करने के दावे करने से लेकर महिलाओं के सशक्तीकरण के लक्ष्य से कई कदम उठाए। चुनाव में मिले समर्थन से ऐसा लगता भी है कि उनकी विश्वसनीयता कायम रही। मगर अब नई सरकार के सामने उन वादों को पूरा करने की चुनौती होगी जो इस बार के चुनावों के दौरान जनता से किए गए।

खासतौर पर नीतीश कुमार को कानून-व्यवस्था की स्थिति में गुणात्मक सुधार लाना होगा, क्योंकि पिछले कुछ वर्षों में राज्य में आपराधिक घटनाओं में काफी तेजी आई है और इसके लिए उनके नेतृत्व पर लगातार सवाल उठे। बिहार में इस बार जो प्रमुख चुनावी मुद्दे रहे, उसके मुताबिक वहां अब आर्थिक और सामाजिक विकास को तेज करने की जरूरत है। चुनाव के दौरान राजग ने अपने संकल्प-पत्र को लेकर जो दावे और वादे किए थे, उसे पूरा करने के लिए अब सरकार को कई मोर्चे पर ठोस नतीजे देने वाले काम करने होंगे। नए रोजगारों के सृजन और लघु उद्योगों को प्रोत्साहन देने से ही बिहार की नई विकास यात्रा शुरू हो सकती है। इस दिशा में बिहार सरकार अगर ईमानदार इच्छाशक्ति के साथ आगे बढ़ती है और रोजगार की नई संभावनाएं खड़ी होती हैं, तो राज्य को पलायन के दंश से मुक्ति मिल सकती है। नीतीश कुमार ने अपने पहले के कार्यकाल में शिक्षा के क्षेत्र में अच्छा काम करने का दावा जरूर किया है, पर अब भी इसमें बड़े सुधार की दरकार है। बिहार पिछड़े राज्यों की श्रेणी से कैसे बाहर निकले, इस पर भी उन्हें मंथन करना होगा।

# शराब की लुभावनी पैकेजिंग के खतरे एवं सुप्रीम कोर्ट की चिंता

यह भी चिंताजनक है कि शराब उद्योग का उद्देश्य केवल बिक्री बढ़ाना है, भले ही उससे समाज कितना भी प्रभावित क्यों न हो। वे यह नहीं देखते कि शराब कितने घर बर्बाद कर रही है, कितने लोग बीमार हो रहे हैं और कितनी जिंदगियां संकट में हैं। इस मानसिकता के खिलाफ कानूनी कार्रवाई बेहद आवश्यक है। शराब की ग्लैमरस पैकेजिंग पर रोक लगाने से न केवल उपभोक्ताओं में जागरूकता बढ़ेगी, बल्कि समाज में नशामुक्ति की दिशा में एक महत्वपूर्ण वातावरण भी बनेगा। सरकारों के लिये राजस्व का बड़ा जरिया शराब है, इसलिये सरकारें भी शराब के खिलाफ खुलकर सामने नहीं आती। सुप्रीम कोर्ट की इस चेतावनी को केवल उद्योगों के लिए ही नहीं, बल्कि सरकार, समाज और परिवारों के लिए भी महत्वपूर्ण संदेश के रूप में देखा जाना चाहिए।

ललित गर्ग





हाल ही में देश की शीर्ष अदालत ने शराब की पैकेजिंग को लेकर जो गंभीर टिप्पणी की है, वह केवल कानूनी हस्तक्षेप नहीं बल्कि सामाजिक चेतना को झकझोरने वाली चेतावनी है। अदालत ने स्पष्ट कहा है कि शराब को इस तरह आकर्षक और लुभावना बनाकर प्रस्तुत करना सार्वजनिक स्वास्थ्य के साथ-साथ संस्कृति एवं सामाजिक के साथ खिलवाड़ है। चमकीली बोतलें, विदेशी डिजाइन, चटकदार रंग और ग्लैमरस बॉक्स-ये सब रणनीतियां लोगों को, विशेषकर युवाओं को, महिलाओं को शराब की ओर खींचने का साधन बन चुकी हैं। शराब की यह भ्रामक एवं बाजारवादी पैकेजिंग एक गंभीर एवं नया खतरा है। यह प्रवृत्ति केवल बाजार का विस्तार नहीं बल्कि पूरे समाज के स्वास्थ्य, नैतिकता और मानसिक संतुलन पर गहरा हमला है। जन-स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाली शराब कम्पनियों की दुराग्रही सोच एवं गुमराह करने वाली पैकिंग एक आपराधिक कृत्य है। जूस पैक जैसे दिखने वाले टेट्रा पैक में बेची जा रही शराब अनेक खतरों को आमंत्रण है।

आज जब देश शराब की वजह से होने वाली बीमारियों, दुर्घटनाओं, हिंसा, पारिवारिक विघटन और मानसिक अवसाद जैसी समस्याओं से जूझ रहा है, तब शराब को फैशनेबल बनाकर बेचना एक बहुत बड़ा खतरा बन जाता है। शराब कंपनियों ने पैकेजिंग को आधुनिकता, प्रतिष्ठा और स्टाइल से जोड़ दिया है, जिससे युवा वर्ग इसे किसी उपलब्धि जैसा मानने लगा है। सामाजिक और मनोवैज्ञानिक रूप से यह पैकेजिंग व्यक्ति के मन में यह भ्रम पैदा करती है कि शराब पीना आधुनिकता का प्रतीक है, जबकि वास्तविकता यह है कि शराब हर रूप में शरीर और मन के लिए घातक जहर है। शराब के घातक एवं दुष्प्रभाव किसी से छिपे नहीं हैं। यह धीरे-धीरे शरीर को भीतर से खोखला करते हुए नशे की अंधी गलियों में धकेल देती है। लिवर सिरोसिस, हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, कैंसर, मानसिक असंतुलन, अवसाद और नींद की गंभीर समस्याएं शराब सेवन की सीधी देन हैं। सड़क दुर्घटनाओं में मरने वाले हजारों लोग शराब पीकर गाड़ी चलाने के कारण अपनी जान गंवाते हैं। घरेलू हिंसा, अपराध और परिवारों के टूटने में शराब की भूमिका लंबे समय से प्रमाणित है। ऐसे में शराब को आकर्षक पैकेजिंग में परोसना मानो लोगों को स्वेच्छा से विनाश के रास्ते पर भेजने जैसा है।

सुप्रीम कोर्ट ने इसीलिए चिंता जताई है कि शराब की बोतलों की पैकिंग ऐसी नहीं होनी चाहिए जो उपभोक्ता को उसकी वास्तविक हानियों से दूर ले जाए। चेतावनियां अक्सर बोतल के किनारे इस तरह लगाई जाती हैं कि वे दिखती ही नहीं। कंपनियां स्वास्थ्य चेतावनियों को ढककर अपने उत्पाद की सुंदरता को आगे करती हैं। यह न केवल अनैतिक है बल्कि स्वास्थ्य संबंधी नीतियों की मूल भावना के भी विरुद्ध है। जब सरकार तंबाकू पर बड़ी और भयावह चेतावनियों को अनिवार्य कर चुकी है, तो शराब जिसका स्वास्थ्य पर प्रभाव कई मामलों में उतना ही विनाशकारी है, उसकी पैकेजिंग पर भी समान कठोर नियम लागू होना चाहिए। समाज में शराब की बढ़ती स्वीकृति का बड़ा कारण यह भी है कि शराब उद्योग ने पैकेजिंग को ही आकर्षक विज्ञापन का माध्यम बना दिया है। जहां शराब विज्ञापन पर कानूनी रोक है, वहां कंपनियां रंगीन बोतलों और खूबसूरत बॉक्सों को ही प्रचार का तरीका बना लेती हैं। यह परोक्ष विज्ञापन है, जो कानून की भावना का उल्लंघन करता है और युवाओं को नशे की ओर ले जाता है। ऐसे में सादे, सरल और सामान्य पैकेजिंग की दिशा में कदम बढ़ाना आवश्यक है, ताकि शराब किसी लक्जरी उत्पाद की तरह न दिखे, बल्कि उसका स्वरूप ही लोगों को चेतावनी देने वाला बने। यह भी चिंताजनक है कि शराब उद्योग का उद्देश्य केवल बिक्री बढ़ाना है, भले ही उससे समाज कितना भी प्रभावित क्यों न हो। वे यह नहीं देखते कि शराब कितने घर बर्बाद कर रही है, कितने लोग बीमार हो रहे हैं और कितनी जिंदगियां संकट में हैं। इस मानसिकता के खिलाफ कानूनी कार्रवाई बेहद आवश्यक है। शराब की ग्लैमरस पैकेजिंग पर रोक लगाने से न केवल उपभोक्ताओं में जागरूकता बढ़ेगी, बल्कि समाज में नशामुक्ति की दिशा में एक महत्वपूर्ण वातावरण भी बनेगा। सरकारों के लिये राजस्व का बड़ा जरिया शराब है, इसलिये सरकारें भी शराब के खिलाफ खुलकर सामने नहीं आती। सुप्रीम कोर्ट की इस चेतावनी को केवल उद्योगों के लिए ही नहीं, बल्कि सरकार, समाज और परिवारों के लिए भी महत्वपूर्ण संदेश के रूप में देखा जाना चाहिए। शराब किसी भी रूप में स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है और उसे आकर्षक बनाकर बेचना मानव जीवन के मूल्य को कम करना है। आज आवश्यकता है कि शराब की पैकेजिंग को नियंत्रित किया जाए, उसे सामान्य और गैर-आकर्षक बनाया जाए, स्पष्ट चेतावनियां लिखी जाएं और शराब को समाज में सम्मानजनक स्थान देने वाली प्रवृत्तियों पर रोक लगे। सरकार को भी स्वस्थ्य सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए ऐसे कानून बनाने चाहिए जो शराब उद्योग की विपणन चालों को सीमित करें।

आज शराब का प्रसार केवल स्वास्थ्य का संकट नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक विघटन का बड़ा कारण बनता जा रहा है। शराब से जुड़े अपराधों और हिंसा की घटनाओं में चिंताजनक वृद्धि हुई है, विशेषकर महिलाओं के प्रति अत्याचार, घरेलू हिंसा, आर्थिक शोषण और मानसिक प्रताड़ना का बड़ा कारक शराब ही बन रही है। अनेक अध्ययन बताते हैं कि महिलाओं के खिलाफ होने वाली लगभग आधी हिंसक घटनाओं में शराब प्रमुख भूमिका निभाती है। नशे में धुत्त पुरुष अक्सर पारिवारिक तनाव, गुस्से और असंतुलन के कारण महिलाओं पर अत्याचार कर बैठते हैं, जिससे न केवल उनका आत्मसम्मान टूटता है बल्कि पूरा परिवार भय, असुरक्षा और अपमान के वातावरण में जीने को मजबूर हो जाता है। शराब का यह प्रभाव किसी एक वर्ग तक सीमित नहीं, बल्कि ग्रामीण से शहरी, गरीब से सम्पन्न वर्ग तक फैल चुका है और इसे अनदेखा करना अब समाज के लिए संभव नहीं।

चिंता का विषय यह भी है कि शराब अब केवल बार या नाइट क्लबों तक सीमित नहीं, बल्कि सामाजिक अवसरों- शादियों, जन्मदिनों, दफ्तर की पार्टियों, त्योहारों, यहां तक कि छोटे सामाजिक समारोहों में भी परोसी जाने लगी है। शराब को सामाजिकता का हिस्सा और आधुनिकता का प्रतीक बताकर जिस तरह से उसकी पैठ बढ़ाई जा रही है, वह एक खतरनाक सांस्कृतिक परिवर्तन का संकेत है। परिवारों में युवा पीढ़ी अपने बड़ों को शराब का उपभोग करते हुए देखकर इसे सामान्य मानने लगी है, जिससे किशोर अवस्था में ही शराब सेवन की शुरूआत हो जाती है। स्कूल-कॉलेज के छात्र फैशन, दबाव, दोस्तों की नकल और विज्ञापन जैसी पैकेजिंग के प्रभाव में आकर शराब की लत में डूब रहे हैं। यह पीढ़ी मानसिक एवं शारीरिक दोनों स्तर पर कमजोर होती जा रही है। शराब न केवल उनकी पढ़ाई, कैरियर एवं सोचने-समझने की क्षमता को नष्ट करती है, बल्कि भविष्य के परिवार एवं समाज की नींव तक को हिला देती है। इन बढ़ती चिन्ताओं का समाधान केवल कानून से नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता, सांस्कृतिक पुनर्संयम और परिवारों में जिम्मेदार व्यवहार से ही संभव है।

समाज तभी सुरक्षित हो सकता है जब हम शराब को आकर्षण का नहीं, विनाश का प्रतीक मानें। उसकी पैकेजिंग में चमक-दमक नहीं, चेतावनी झलके। उसका सेवन आधुनिकता नहीं, दुर्बलता समझा जाए। यह चेतना तभी बढ़ेगी जब कानून भी कठोर होंगे और समाज भी सजग। सुप्रीम कोर्ट की चेतावनी इसी दिशा में एक गंभीर कदम है, अब सरकार और समाज की जिम्मेदारी है कि इसे वास्तविक सुधार में बदला जाए।

# दिल्ली दिलवालों की ही नहीं, अब 'फेफड़े वालों' की भी नहीं रही?

भारत भूषण अड़जरिया

हर साल नवंबर का महीना आते ही देश की राजधानी दिल्ली एक 'गैस चैंबर' में तब्दील हो जाती है। नवंबर 2025 में एक बार फिर दिल्लीवासियों का सांस लेना दूभर हो गया है। सुबह की शुरूआत ताजी हवा से नहीं, बल्कि धुंध की एक मोटी चादर और आंखों में जलन के साथ हो रही है। लगातार गिरती वायु गुणवत्ता को देखते हुए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के विशेषज्ञों ने इसे मेडिकल इमरजेंसी करार दिया है। विशेषज्ञों का कहना है कि दिल्ली का प्रदूषण अब केवल पर्यावरणीय समस्या नहीं, बल्कि लोक स्वास्थ्य का बड़ा खतरा बन गया है।

वर्तमान स्थिति के ताजा आंकड़ों के अनुसार, नवंबर 2025 के मध्य में दिल्ली के कई इलाकों (जैसे बवाना, वजीरपुर, और जहांगीरपुरी) में AQI 'गंभीर' श्रेणी में दर्ज किया गया है। कुछ स्थानों पर यह 500 के खतरनाक स्तर को भी छू रहा है। स्थिति को देखते हुए 'ग्रैप' के कड़े चरण लागू किए गए हैं, जिसमें निर्माण कार्यों पर रोक और BS-III पेट्रोल व BS-IV डीजल गाड़ियों पर प्रतिबंध शामिल हैं। परन्तु सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के दीर्घकालिक समाधान का समर्थन करते हुए, ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान के तहत प्रतिबंधित सभी गतिविधियों पर साल भर प्रतिबंध लगाने से इनकार कर दिया। शीर्ष अदालत ने पंजाब और हरियाणा सरकारों को दोनों राज्यों में पराली जलाने के मुद्दे पर वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (CAQM) के निर्देशों का सख्ती से पालन करने को कहा।

AQI बताता है कि हवा कितनी साफ या प्रदूषित है। जब AQI 0 से 50 के बीच होता है, तब हवा अच्छी मानी जाती है और सेहत पर कोई असर नहीं होता। 51 से 100 के बीच हवा संतोषजनक होती है, जिससे बहुत संवेदनशील लोगों को थोड़ा सांस लेने में परेशानी हो सकती है। 101 से 200 के बीच हवा मध्यम होती है, जो फेफड़ों, अस्थमा या हृदय की बीमारी वाले लोगों को दिक्कत दे सकती है। 201 से 300 तक की हवा खराब होती है और लंबे समय तक इसमें रहने से अधिकतर



लोगों को सांस लेने में परेशानी होती है। 301 से 400 के बीच हवा बहुत खराब होती है, जिससे लोगों को सांस की बीमारियां हो सकती हैं। जब AQI का लेवल 400 के पार पहुँच जाता है, जैसा कि इन दिनों हो रहा है। तो इसका मतलब है कि हवा में मौजूद PM 2.5 के सूक्ष्म कणों की मात्रा इतनी ज्यादा है कि ये फेफड़ों को गंभीर नुकसान पहुँचा रही है। एक्सपर्ट का साफ अनुमान है कि ऐसे गंभीर प्रदूषण में बिना मास्क के बाहर निकलना या साँस लेना, एक दिन में 20 से 25 सिगरेट पीने के बराबर हो सकता है।जो स्वस्थ लोगों को भी नुकसान पहुंचाती है और बीमार लोगों की हालत और बिगाड़ सकती है।

एम्स के विशेषज्ञों के अनुसार प्रदूषण अब केवल अस्थमा, सांस फूलना और COPD तक सीमित नहीं है। हवा में मौजूद महीन कण रक्तप्रवाह में शामिल होकर हार्ट अटैक और स्ट्रोक का जोखिम भी बढ़ा रहे हैं। बढ़ते प्रदूषण की वजह से रोजाना 20 से 30 मरीज सांस और अन्य प्रदूषणजनित बीमारियों के साथ अस्पताल पहुंच रहे हैं। हवा में मौजूद अल्ट्रा-फाइन कण गर्भवती महिलाओं के शरीर के माध्यम से गर्भस्थ शिशु तक पहुंच रहे हैं। इससे न केवल भ्रूण की वृद्धि प्रभावित होती है बल्कि कम वजन वाले बच्चों के जन्म और आगे चलकर फेफड़ों के कमजोर होने की आशंका भी बढ़ जाती है।

हाल ही में, एक प्रतिष्ठित भारतीय आर्थिक सेवा (IES) अधिकारी ने दिल्ली में वायु प्रदूषण की गंभीर स्थिति और अपने छोटे बेटे के स्वास्थ्य को देखते हुए अपनी ग्रुप 'ए' सरकारी नौकरी से इस्तीफा दे दिया। बढ़ते प्रदूषण के संदर्भ में भारतीय संविधान का अनुच्छेद 21 अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह अनुच्छेद केवल 'जीवन जीने' की बात नहीं करता, बल्कि एक गरिमापूर्ण और स्वस्थ जीवन की गारंटी देता है। सुप्रीम कोर्ट ने कई ऐतिहासिक फैसलों में स्पष्ट किया है कि "जीवन का अधिकार" केवल जानवरों की तरह अस्तित्व में बने रहना नहीं है। बल्कि इसमें स्वच्छ हवा में सांस लेना,प्रदूषण मुक्त जल,स्वच्छ पर्यावरण में रहने जैसे अधिकार शामिल है। यदि प्रदूषण इतना बढ़ जाए कि वह स्वास्थ्य को नुकसान पहुँचाने लगे, तो यह सीधे तौर पर अनुच्छेद 21 का उल्लंघन माना जाता है। बढ़ते प्रदूषण को लेकर हाल ही में जंतर मंतर पर LetasBreathe नामक एक विरोध प्रदर्शन किया गया। जिसमें LetasBreathe केवल एक राजनीतिक नारा नहीं था, बल्कि यह लोगों के स्वास्थ्य को लेकर चिंता को भी दर्शा रहा था। लोग इस बात से नाराज हैं कि हर साल उन्हें इसी जानलेवा स्थिति का सामना क्यों करना पड़ता है, जबकि इस समस्या का समाधान हो सकता है। ये गुस्सा इस मांग पर केंद्रित है कि स्वच्छ हवा को स्वास्थ्य के अधिकार के रूप में देखा जाए।

दिल्ली का प्रदूषण अब एक मौसमी समस्या नहीं, बल्कि एक साल भर रहने वाला संकट बन रहा है जो सर्दियों में जानलेवा हो जाता है। हमें यह समझना होगा कि साफ हवा हमारा अधिकार ही नहीं, बल्कि जीवन की बुनियादी जरूरत है। यदि आज हमने कड़े कदम नहीं उठाए, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए दिल्ली रहने लायक शहर नहीं बचेगा। यह समय 'चिंता' करने का नहीं, बल्कि 'चिंतन' और 'कार्रवाई' का है। आज की जहरीली हवा, कल की गंभीर बीमारी है। "मुस्कुराइये कि आप दिल्ली में हैं, पर जरा ध्यान रखिये, ये कोहरा नहीं, आपके फेफड़ों का इम्तिहान है।"

# पंखों का बोझ

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

(व्यंग्य)

सी पटकथा लेखक ने अचानक स्क्रिप्ट बदल दी हो। पिताजी 'यूँ' चले गए—बिना किसी सूचना के, बिना किसी अग्रिम चेतावनी के, जैसे घर की 'छत' का लाइसेंस अचानक रद्द हो गया हो। माँ का हाल ऐसा था, जैसे उन्होंने अपना खुद का रोना भी किराए पर ले रखा हो—लगातार, रुक-रुककर।

सुशीला, अपने पिता की इकलौती लाड़ली थी। इकलौती इसलिए क्योंकि घर के पुरुष सदस्य—पिता और दो छोटे भाई—उसके सामने हमेशा आत्मसमर्पण की मुद्रा में रहते थे। सुशीला का जीवन एक शाही नाटक था, जहाँ छोटी-छोटी बातों पर रो देना उसका 'वीटो पावर' था। नए डिजाइन के सैंडल चाहिए? रोना शुरू! रात दस बजे तक टीवी देखने की अनुमति चाहिए? होंठ काँपे, आँखें नम हुईं और पिताजी की जमीन खिसक गई। उनके लिए सुशीला के आँसू किसी खजाने से कम नहीं थे, जिसे वे तुरंत अपनी सारी दौलत (यानी उसकी हर माँग) देकर खरीद लेते थे। उनका सिद्धांत था: बेटी रोती है, यानी अभी भी हमसे प्रेम करती है; जिस दिन रोना बंद कर देगी, समझो वह बाजार की हो गई। और सुशीला बड़ी सफलता से इस सरकारी मान्यता प्राप्त हथियार का इस्तेमाल कर रही थी। वह अपनी लाड़ली वाली पहचान को



भारत सरकार द्वारा प्रमाणित विशेषाधिकार मानती थी, जो हर समस्या का तात्कालिक और अचूक समाधान था। वह एक खूबसूरत, बेफिक्र जिंदगी जी रही थी—जैसे किसी राजा की गुड़िया हो, जिसे केवल मुस्कुराने और कभी-कभार रोने का अधिकार हो। वह लिपस्टिक के रंग और पर्स के डिजाइन पर घंटों माथापच्ची करती थी, क्योंकि बड़े-बड़े दु:ख तो पुरुषों के लिए आरक्षित थे। उसका जीवन एक चलता-फिरता विज्ञापन था—'भारतीय मध्यमवर्गीय परिवार की लाड़ली बेटी: समस्याएँ शून्य, डिमांड अपरिमित।'

तभी, एक सुबह, जैसे किसी पटकथा लेखक ने अचानक स्क्रिप्ट बदल दी हो। पिताजी 'यूँ' चले गए—बिना किसी सूचना के, बिना किसी अग्रिम चेतावनी के, जैसे घर की 'छत' का लाइसेंस अचानक रद्द हो गया हो। माँ का हाल ऐसा था, जैसे उन्होंने अपना खुद का रोना भी किराए पर ले रखा हो—लगातार, रुक-रुककर। छोटे भाई-बहन सदमे में थे, सिर्फ इसलिए नहीं कि पिता नहीं थे, बल्कि इसलिए कि अब 'टीवी देखने की देर रात वाली परमिशन' कौन देगा, वे यह नहीं समझ पा रहे थे। घर में सन्नाटा पसरा था, जो अब सुशीला के 'रोना' वाले हथियार को अप्रभावी बना चुका था। आँसुओं की अब बाजार में कोई क़ीमत नहीं थी। यह वो समय था, जब 'छोटी-छोटी बातों पर रोने वाली' सुशीला ने एक भयंकर अहसास किया: उसके 'आँसू' सिर्फ तभी काम करते थे, जब कोई 'पुरुष' उन्हें पोंछने के लिए तैयार बैठा हो। अब तो उन्हें पोंछने वाला ही खुद रोने की स्थायी मुद्रा में था। इसलिए, सुशीला ने फैसला किया: आँसुओं के व्यापार को तत्काल बंद किया जाए। उसने अपनी आँखों में आए समंदर को दिल के सबसे निचले तल में उतार लिया, जहाँ 'पसंद की लिपस्टिक' और 'नए फ्रॉक' की यादें धूल फाँक रही थीं। उसने अपनी लाड़ली वाली पहचान को एक कोने में फेंका, और 'घर की मुखिया' का नया, खाकी चोला पहन लिया—जैसे उसे तुरंत किसी सरकारी आपातकालीन सेवा में भर्ती कर लिया गया हो। उन्नीस साल की सुशीला! वही लड़की जो कल तक माँ से बहस कर रही थी कि कॉलेज में किस ब्रांड की टी-शर्ट पहनकर जाना 'स्टेटस सिम्बल' है, आज उसने सारे परिवार की जिम्मेदारी अपने नाजुक कन्धों पर नहीं, बल्कि अपने माथे पर उठा ली। माथे पर इसलिए, क्योंकि अब माथा ही उसका 'प्रबंधन विभाग' था। उसने कॉलेज छोड़ा, जो उसका एकमात्र 'टाइमपास क्लब' था, और एक छोटी-सी नौकरी पकड़ ली। नौकरी नहीं, बल्कि परिवार को जिंदा रखने का सरकारी ठेका। तनख़्वाह इतनी कम थी कि हँसना भी हराम था, और काम इतना ज्यादा कि रोना भी फुर्सत नहीं देता था। कई रातें उसकी नींद ने सुसाइड कर लिया, कई दोपहरों में पेट ने हड़ताल कर दी, पर सुशीला ने कभी किसी को शिकायत नहीं की। असलियत तो यह थी कि 'शिकायत' करने के लिए अब उसके पास 'पिता' नहीं थे, जिसके सामने शिकायत का नाटक किया जा सके। जब घर की किस्त, राशन का बिल या छोटे भाई की फीस सामने आती, तो वह घबराती नहीं, बल्कि एक गहरी साँस लेती—जैसे किसी 'सरकारी दफ़्तर' की लंबी लाइन में खड़ी हो—और मुस्कुरा देती। यह मुस्कान, उसके भीतर के कराहते दर्द पर चिपकाया गया एक सरकारी स्टीकर था, जो कहता था: "डरो मत, सब ठीक है!" छोटी-छोटी बातों पर रोने वाली वह लड़की, आज बड़ी से बड़ी मुश्किलों का हँसते-हँसते सामना कर रही थी। और यहीं पर परसाई जी का व्यंग्य दहाड़ मारता है: यह 'हँसते-हँसते सामना' क्या है? यह हँसना नहीं है, यह भारतीय नारीत्व का सरकारी प्रमाणपत्र है, जो उसे यह सिद्ध करने के लिए दिया गया है कि वह 'महान' है। उसका रोना 'कमजोरी' था, लेकिन उसका मजबूरी में हँसते रहना, उसकी 'महानता' बन गया। समाज चाहता है कि लड़कियाँ छोटी-छोटी बातों पर रोएँ—ताकि पुरुष उन्हें 'रक्षा' करने वाला मसीहा समझ सकें। लेकिन जब जिंदगी की बड़ी मुश्किल आ जाए, तो उन्हें रोना बंद कर देना चाहिए और हँसते हुए काम करना चाहिए—ताकि समाज अपनी जिम्मेदारी से मुक्त होकर उन्हें 'त्याग की देवी' का तमगा पहना सके। सुशीला अब 'लाड़ली' नहीं थी; वह एक 'वर्किंग वूमेन' थी, जिसके पास न तो रोने का समय था और न ही फ्रॉक की किस्त चुकाने का पैसा। अब उसके आँसू सूख गए थे, लेकिन उसके भीतर का व्यंग्य अब बड़ा हो चुका था। यही तो लड़कियाँ हैं! छोटी-छोटी बातों पर रो देती हैं, पर जिंदगी की बड़ी-बड़ी मुश्किलों का हँसते-हँसते सामना कर लेती हैं—क्योंकि उन्हें मालूम है, बड़ी मुश्किलों में रोने पर कोई कंधा नहीं मिलेगा, सिर्फ 'महानता का मेडल' मिलेगा!

## बाल कहानी

# खटमल और बेचारी जूं

एक राजा के शयनकक्ष में मंदरीसर्पिणी नाम की जूं ने डेरा डाल रखा था। रोज रात को जब राजा जाता तो वह चुपके से बाहर निकलती और राजा का खून चूसकर फिर अपने स्थान पर जा छिपती। संयोग से एक दिन अग्निमुख नाम का एक खटमल भी राजा के शयनकक्ष में आ पहुंचा। जूं ने जब उसे देखा तो वहां से चले जाने को कहा। उसने अपने अधिकार-क्षेत्र में किसी अन्य का दखल सहन नहीं था। लेकिन खटमल भी कम चतुर न था, बोलो, देखो, मेहमान से इसी तरह बर्ताव नहीं किया जाता, मैं आज रात तुम्हारा मेहमान हूं। जूं अततः खटमल की चिकनी-चुपड़ी बातों में आ गई और उसे शरण देते हुए बोली, ठीक है, तुम यहां रातभर रुक सकते हो, लेकिन राजा को काटोगे तो नहीं उसका खून चूसने के लिए। खटमल बोला, लेकिन मैं तुम्हारा मेहमान है, मुझे कुछ तो दोगी खाने के लिए। और राजा के खून से बढ़िया भोजन और क्या हो सकता है। ठीक है। जूं बोली, तुम चुपचाप राजा का खून चूस लेना, उसे पीड़ा का आभास नहीं होना चाहिए। जैसा तुम कहोगी, बिलकुल वैसा ही होगा। कहकर खटमल शयनकक्ष में राजा के आने की प्रतीक्षा करने लगा। रात ढलने पर राजा वहां आया और बिस्तर पर पड़कर सो गया। उसे देख खटमल सबकुछ भूलकर राजा को काटने लगा, खून चूसने के लिए। ऐसा स्वादिष्ट खून उसने पहली बार चखा था, इसलिए वह राजा को जोर-जोर से काटकर उसका खून चूसने लगा। इससे राजा के शरीर में तेज खुजली होने लगी और उसकी नींद उचट गई। उसने क्रोध में भरकर अपने सेवकों से खटमल को ढूंढकर मारने को कहा। यह सुनकर चतुर खटमल तो पलंग के पाए के नीचे छिप गया लेकिन चादर के कोने पर बैठी जूं राजा के सेवकों की नजर में आ गई। उन्होंने उसे पकड़ा और मार डाला।

**सीख** : हमें अजनबियों की चिकनी-चुपड़ी बातों में आकर उन पर भरोसा नहीं करना चाहिए अपितु उनसे सावधान ही रहना चाहिए।

## लोक कथा

# भैंस के बदले मुर्गा

पाटिल गरीब आदमी था, पर उसकी पत्नी उसे बहुत चाहती थी। उनके पास दो भैंसें थीं। उम्र के साथ-साथ उनकी गरीबी भी बढ़ती गई। एक दिन पाटिल की पत्नी ने उससे कहा, एक भैंस को हाट में बेच दें तो कैसा रहे? हाथ में कुछ पैसा आ जाएगा। अगले दिन सुबह पाटिल पास के गाँव की हाट में भैंस बेचने के लिए चल पड़ा। रास्ते में उसे एक आदमी मिला जो अपना घोड़ा बेचने के लिए उसी हाट में जा रहा था। पाटिल ने उसे बताया कि वह अपनी भैंस बेचने जा रहा है। उस आदमी ने भैंस को एक नजर देखा। बोला, इसके लिए इतनी दूर जाने की क्या जरूरत है? भैंस मुझे दे दो और मेरा घोड़ा ले लो। पाटिल ने सोचा, ठीक तो है! घोड़े की सार-संभाल में कम झंझट है। बच्चे सवारी भी कर सकेंगे। सो उसने घोड़े से भैंस की अदला-बदली कर ली। घोड़े पर बैठकर वह उसे हाट की ओर ले जाने लगा तो उसे पता चला कि घोड़ा अंधा है। थोड़ा आगे उसे एक आदमी मिला जिसके पास एक गाय थी। बाबा, घोड़े को लेकर कहाँ जा रहे हो? मैं अपनी बूढ़ी भैंस को बेचने हाट जा रहा था, पर मैंने घोड़े से उसकी अदला-बदली कर ली। लेकिन यह अंधा है। मेरी गाय बहुत सीधी है। खूब दूध देती है। चाहो तो यह ले लो और मुझे घोड़ा दे दो। मुझे घोड़े की जरूरत भी है। पाटिल को गाय देखने-भालने में अच्छी लगी। गाय की देखभाल घोड़े से आसान है। वह अदला-बदली के लिए राजी हो गया। पर यह पता चलने में उसे अधिक देर नहीं लगी कि गाय एक पाँव से लंगड़ी है। थोड़ी देर बाद उसे बकरी को ले जाता एक आदमी मिला। उसने पाटिल से पूछा कि वह कहाँ जा रहा है तो उसने कहा, मैं हाट में भैंस बेचने जा रहा था। रास्ते में मैंने उसे अंधे घोड़े से बदल लिया। उस घोड़े के बदले अब मेरे पास यह लंगड़ी गाय है। मुझे इसे बेचना होगा। बेचने की क्या जरूरत है? मुझे गाय चाहिए। तुम मेरी बकरी ले लो और गाय मुझे दे दो। उस आदमी ने कहा। पाटिल ने बकरी को हाँका तो उसने देखा कि वह बीमार है। वह हाट में पहुँचा तो उसने बगल में मुर्गा दबाए एक आदमी को देखा। पाटिल ने उसे बकरी देकर मुर्गा ले लिया। अब तक दोपहर हो गई थी। पाटिल के पेट में चूहे कूदने लगे। पर उसकी अंटी में एक भी पैसा नहीं था। सो उसने एक रुपए में मुर्गे को हाट में बेच दिया। उस रुपए से उसने खाना खरीदा और तालाब में हाथ-मुँह धोकर पीपल के नीचे खाने बैठा। उसने पहला कौर तोड़ा और उसे मुँह में डालने जा ही जा रहा था कि जाने कहाँ से लीर-लीर कपड़े पहने एक भिखारी आया और बोला, कई दिनों से मैंने एक दाना भी नहीं खाया। एक रोटी दे दो। बड़ी दया होगी। पाटिल पसीज गया। भिखारी भूखा रहे और वह ठूँस-ठूँसकर खाए यह उससे नहीं होगा। उसने खाने की पूरी पत्तल भिखारी को दे दी और घर लौट आया। उसकी पत्नी उसकी राह देख रही थी। वह घर पहुँचा तब तक पत्नी बच्चों को खिला-पिलाकर फारिग हो गई थी। उसने पति से पूछा, हो आए? भैंस कितने में बिकी? क्या बात है, तुम्हारा मुँह क्यों उतरा हुआ है? पाटिल ने कहा, बताता हूँ, जरा दम तो लेने दो! पत्नी ने उसे पानी पिलाया। पानी पीकर पाटिल ने कहना शुरू किया, मैंने भैंस को बेचा नहीं। उसके बदले एक घोड़ा ले लिया। अच्छा किया। कहाँ है वह? बच्चो, देखो, तुम्हारे बापू घोड़ा लाए हैं। ठहरो! घोड़ा नहीं है। उसके बदले मैंने गाय ले ली। यह तो और भी अच्छा है। कब से मेरी गाय की साध थी। बच्चों की गाय बच्चो, बाहर जाकर देखो, तुम्हारे बापू गाय लाए हैं। ठहरो, ठहरो! मैं गाय घर लाना चाहता था, पर उसके बदले मैंने बकरी ले ली। बकरी तो और भी अच्छी है। बकरी का दूध बच्चों के लिए अमृत है और उसकी कुछ देखभाल भी नहीं करनी पड़ती। वह आप ही चर आती है। बच्चो, देखो तो सही, नई बकरी कैसी है! पहले पूरी बात तो सुनो! बकरी के बदले मैंने एक मुर्गा ले लिया।बेचारे पाटिल ने कहा। ठीक किया। तड़के वह हमें जगा दिया करेगा। कहाँ है वह? चलो, सब चलकर देखते हैं, पत्नी ने उत्सुकता से कहा। थोड़ा धीरज रखो! मुर्गा मैं नहीं लाया। मुझे जोरों की भूख लगी, सो मैंने मुर्गा एक रुपए में बेच दिया और कुछ खाने को खरीद लिया। भली पत्नी ने कहा, कोई बात नहीं। मुर्गे का हम क्या करते? अच्छा किया जो तुम भूखे नहीं रहे। इतनी मेहनत के बाद तुम्हें भूखा रहना भी नहीं चाहिए था! मेहरबानी करके पहले पूरी बात तो सुनो! मैं खाना शुरू करने वाला ही था कि एक भिखारी आया। बोला कि वह कई दिनों से भूखा है। सो मैंने सारा खाना उसे दे दिया और घर आ गया। और तुमने कुछ नहीं खाया? च्च-च्च! पर तुमने ठीक किया। खाते समय भिखारी को लौटाया भी तो नहीं जाता! चलो, हाथ-मुँह धो लो, मैं खाने को लाती हूँ, पत्नी ने कहा और उसे खाना परोसा। अगले दिन सुबह पाटिल उठा और झोंपड़ी का दरवाजा खोला तो उसने जो देखा उससे वह दंग रह गया। उसने पत्नी को आवाज दी। उसके दरवाजे के आगे कई जानवर खड़े थे। एक भैंस जो बूढ़ी नहीं थी। एक घोड़ा जो अंधा नहीं था। एक गाय जो लंगड़ी नहीं थी। एक बकरी जो मोटी-ताजी और स्वस्थ थी और एक कलगी वाला शानदार मुर्गा। साथ ही एक पत्तल जिस पर चमचमाता हुआ एक रुपया रखा था। पाटिल की घरवाली ने श्रद्धामय विस्मय से कहा, इन्हें यहाँ कौन लाया? वह भिखारी तो नहीं जिसे कल तुमने खाना खिलाया था? पाटिल ने कहा, हाँ, वह भिखारी! जरूर वह भगवान होगा! हाँ, जरूर ही!

# जीर्णोद्धार के पश्चात यह आश्रम पुराना स्वरूप प्राप्त करेगा

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**मैनपुरी।** शनिवार को पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कुरावली क्षेत्र के गांव अलूपुरा में आयोजित कार्यक्रम में रू. 148.60 लाख की लागत से श्री 108 मिट्ठू बाबा सत्यबली आश्रम के पर्यटन विकास एवं सौन्दर्यीकरण कार्य का शिलान्यास करते हुए कहा कि क्षेत्र के श्रृद्धालुओं की मांग पर इस प्राचीन मंदिर के जीर्णोद्धार, सौन्दर्यीकरण, पर्यटन विकास का कार्य स्वीकृत हुआ है।

पर्यटन मंत्री ने कहा कि मंदिर के जीर्णोद्धार के पश्चात यह आश्रम पुराना स्वरूप प्राप्त करेगा जल्द ही मुख्य मार्ग से आश्रम तक आने वाले सम्पर्क मार्ग का भी निर्माण कराया जायेगा ताकि आश्रम तक आने वाले भक्तों को आवागमन में किसी भी प्रकार असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होने कहा कि आजादी से लेकर लगातार पर्यटन एवं संस्कृति विभाग संचालित रहा है लेकिन पूर्व की किसी भी सरकार ने इस विभाग के माध्यम से प्रदेश के पुरातात्विक एवं ऐतिहासिक महत्व की धरोहरों के जीर्णोद्धार के लिए नहीं सोचा, इस विभाग का पूरा बजट सैफई में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों पर व्यय होता था लेकिन आज इस विभाग का पैसा श्रृद्धा के केन्द्रों तक पहुंच रहा है, संस्कृति विभाग का बजट आमजन की भावनाओं के अनुरूप धार्मिक स्थलों के विकास पर मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हो रहा है।

पर्यटन मंत्री ने कहा कि कुरावली क्षेत्र के खिरना खुर्द स्थित हनुमान मंदिर हेतु रू. 172.71 लाख, फतेहगंजपुर में शंकर जी महाराज विराजमान मंदिर हेतु रू. 241.28 लाख, ग्राम चांदपुरा स्थित श्री नैनसुख महाराज जी मंदिर हेतु रू. 166.54 लाख, ग्राम गुलालपुर के श्री ब्रह्मदेव एवं शिव मंदिर हेतु रू. 158.06 लाख, ग्राम जखौआ में श्री हनुमान जी मंदिर हेतु रू. 206.51 लाख, ग्राम ढिबइया में मंदिर हेतु रू. 163.35 लाख की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है, जल्द ही कुरावली क्षेत्र के इन प्राचीन मंदिरों के जीर्णोद्धार का कार्य प्रारंभ होगा। उन्होने कहा कि प्रदेश में पूरी पारदर्शिता के साथ विकास कार्य प्रगति पर हैं, किसी भी स्तर पर प्रदेश

अलूपुरा में मिट्ठू बाबा आश्रम के सौदर्यीकरण का शिलान्यास

में भ्रष्टाचार की गुजांइश नहीं है, प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य हो रहे हैं, आज किसी में हिम्मत नहीं कि किसी की जमीन पर कब्जा करे, चौथ वसूली, कमीशन का कार्य पूरी तरह बंद हो चुका है।

**शिलान्यास समारोह में यह रहे मौजूद**

इस दौरान पूर्व ब्लॉक प्रमुख शैलेन्द्र सिंह राठौर, नगर पंचायत अध्यक्ष धर्मेन्द्र वर्मा, ग्राम प्रधान विश्राम सिंह कश्यप, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि गजेन्द्र सिंह यादव, बबलू पाण्डेय, विक्रम वर्मा, राज बहादुर, किशन शाक्य, राजीव कश्यप, रमा शंकर, पन्ना लाल वर्मा, अजय पाल सिंह चौहान सहित अन्य जन-प्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी आदि उपस्थित रहे, कार्यक्रम का संचालन अजय सिंह कुशवाह ने किया।

## बंटवारे की बात को लेकर जेठ पर मारपीट का आरोप

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**बेवर/मैनपुरी।** थाना क्षेत्र बेवर के अंतर्गत शुक्रवार तीन बजे बंटवारे की बात को लेकर जेठ द्वारा अपने छोटे भाई की पत्नी के साथ गाली गलौज कर मारपीट की गई। पीड़ित महिला द्वारा मामले की तहरीर थाने में दी गई है।


मामले की तहरीर देते हुए अनुपम पत्नी कश्मीर सिंह राजपूत निवासी जलालपुर मानपुर हरी निवासी ने आरोप लगाते हुए बताया कि उनके जेठ महेंद्र और उनके पति कश्मीर सिंह के पास बीस बीघा खेती है जिसे उनके जेठ स्वयं करते हैं।मेहनत मजदूरी का रुपया भी नहीं देते।जब बंटवारे की बात कहते हैं तो वह भी नहीं करते।

शुक्रवार को शाम तीन बजे उन्होंने अपने जेठ संजय कुमार से अपने खेत का आधा हिस्सा मांगा तो गाली गलौज देते हुए लात घूंसों से उनके साथ मारपीट की। जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया आपसी बंटवारे का मामला है दोनों पक्षों से मामले की जानकारी जुटाई जा रही है।

# किशोरी को भगाकर ले जाने वाले पर मुकदमा दर्ज

### पीड़िता द्वारा आरोपी के परिजनों से पूछने पर धमकी देकर भगाया

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**कुरावली/मैनपुरी।** थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी किशोरी को बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने वाले 30 बर्षीय युवक पर किशोरी की दादी की तहरीर पर थाने पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस किशोरी की तलाश में जुट गई है।

थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी महिला ने थाने पहुंचकर तहरीर देकर बताया कि उनकी 16 बर्षीय नातिन को 30 बर्षीय नितिन उर्फ ऋषभ पाण्डेय पुत्र ओमनारायन पांडेय निवासी गीतापुरम कालोनी कुरावली 9 नबंवर को बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया है। जब इस बारे में महिला ने उसके घरवालों से बात की, तो उन्होने उसकी बात ही नहीं मानी और जान से मारने की धमकी देते हुए भगा दिया।

**किशोरी के मोबाइल पर कई बार हुई बात-** महिला ने मुकदमा में यह भी कहा है कि उनकी नाबालिग नातिन के मोबाइल पर आरोपी ऋषभ पांडेय की कई बार बात भी हुई है। रिपोर्ट दर्ज कराने वाली महिला का आरोप है कि उनकी नाबालिग नातिन को आरोपी ऋषभ पांडेय पिछले काफी समय से परेशन कर रहा था। जब नाबालिग नातिन को आरोपी ऋषभ पांडेय ले गया, उसके बाद उसके परिजनों द्वारा उन्हे और उनके परिजनों को काफी परेशान किया जा रहा है।

**किशोरी के साथ अनहोनी होने की दर्ज कराई आशंका-** महिला ने मुकदमा में यह भी दर्ज कराया है कि आरोपी ऋषभ पांडेय का रिश्तेदार सूरजपाल अमीन पुत्र नामालूम निवासी मोहल्ला महेशानंदनगर कुरावली है। उन्होने अपनी नाबालिग नातिन के साथ कोई अनहोनी होने की आशंका के बारे में कहा है। महिला ने बताया कि रिश्तेदार सूरजपाल अमीन का आरोपी ऋषभ पांडेय को पूरा सहयोग है।

**क्या बोले इंस्पेक्टर कुरावली**

कुरावली के एक मोहल्ला निवासी महिला ने थाने आकर तहरीर दी थी, कि उनकी नातिन को एक युवक ले गया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद आगे की कार्रवाई करते हुए किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। जल्द ही किशोरी को वरामद करके युवक पर पर कार्रवाई की जाएगी।- **ललित भाटी, इंस्पेक्टर कोतवाली कुरावली।**

## छोटी खबरें

### छात्र के अपहरण, हत्या के दोषी तीन को उम्रकैद की सजा

**मैनपुरी।** थाना कोतवाली सदर क्षेत्र में 20 साल पहले एक छात्र का अपहरण करके हत्या करने वाले तीन लोगों को एफटीसी जज कुलदीप सिंह ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोषियों पर 55-55 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है। ज्ञात हो कि पावर हाउस रोड निवासी सुनील तोमर कक्षा 10 का छात्र था। उसे 31 दिसंबर 2005 को शाम छह बजे कुछ लोग अपने साथ ले गए। देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिजन ने तलाश की। एक जनवरी 2006 को सुनील का शव जलालपुर के पास मिला। सुनील के भाई दीपू तोमर निवासी सिकंदरपुर पतारा थाना कुर्रा ने रवी मिश्रा बैंक कॉलोनी, आक्रोश गुप्ता कृष्णा कुंज कॉलोनी, योगेंद्र कश्यप सुलखनपुर कोतवाली, शैलेंद्र यादव और शैलेंद्र कश्यप पावर हाउस रोड के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई थी। पुलिस ने जांच करके चार्जशीट न्यायालय में भेज दी। एफटीसी जज कुलदीप सिंह ने रवि मिश्रा बैंक कॉलोनी, आक्रोश गुप्ता कृष्णा कुंज कॉलोनी और योगेंद्र कश्यप सुलखनपुर कोतवाली को हत्या करने के दोषी माना है। तीनों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। सुनील का अपहरण करके हत्या करने के आरोपी शैलेंद्र यादव और शैलेंद्र कश्यप पावर हाउस रोड न्यायालय में हाजिर नहीं हुए। दोनों की फाइल अलग कर दी गई। उनके खिलाफ अलग से मुकदमा चलेगा। एफटीसी जज ने निर्णय में लिखा है कि दोषियों पर किसी प्रकार की सहानुभूति अथवा लचीला रुख अपनाना समाज एवं न्याय व्यवस्था के लिए नुकसान दायक होगा। इससे समाज में गलत संदेश जाएगा। इसे देखते हुए उनको आजीवन कारावास की सजा दी गई है।

### एसआईआर कार्रवाई पर तहसील के अधिकारी तलब

**भोगांव/मैनपुरी।** मोहल्ला मिर्धा में एसआईआर को लेकर चल रही कार्यवाही को स्पष्ट करने के लिए तहसीलदार के साथ सुपरवाइजर एवं बी एल को जिलाधिकारी ने तलब किया। शनिवार को तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी संध्या शर्मा तहसीलदार गौरव कुमार की देख रेख में पूरे दिन एस आई आर फार्मों को बी एल ओ बारी बारी से फीडिंग कराते रहे। देर सायं तीन बजे उपजिलाधिकारी संध्या शर्मा ने जिलाधिकारी के निर्देश पर मोहल्ला मिर्धा की चार सो लोगों के 2003 की मतदाता सूची में नाम नहीं होने की लगातार मिल रहीं शिकायतों को लेकर पूरी स्थित को स्पष्ट करने के लिए तहसीलदार गौरव कुमार,सुपरवाइजर लेखपाल पवन कुमार बी एल ओ वसीम खान को भेजा। उन्होंने बताया कि मोहल्ला मिर्धा में एस आई आर को लेकर लगातार लोग शिकायतें कर रहे हैं।मोहल्ले की वास्तविक स्थित स्पष्ट करने के लिए तहसीलदार के नेतृत्व में टीम को मुख्यालय भेजा गया है।

### किशोरी को अगवा कर ले जाने का मुकदमा

**भोगांव/मैनपुरी।** एक गांव की रहने बाली मां ने नावालिग पुत्री को बहला फुसलाकर अगवा कर लेने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शनिवार को एक गांव की रहने बाली मां ने दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा है कि ग्राम भैंसरौली के रहने वाले आनंद सिंह उसकी नावलिग पुत्री को अपने दो दोस्त हर्षित एवं वरुण की मदद से बहला फुसलाकर कर भगाकर ले गया है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### स्कूल की भूमि से कब्जा हटवाने को बीएसए ने भेजा पत्र

**भोगांव/मैनपुरी।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सुल्तानगंज खण्ड शिक्षा अधिकारी को पत्र भेजकर उच्चतर प्राथमिक विद्यालय अहमदपुर की भूमि से अवैध कब्जों हटवाए जाने के निर्देश दिए हैं। शनिवार को बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा सुल्तानगंज विकास खण्ड के खण्ड शिक्षा अधिकारी सर्वेश यादव को भेजे गए पत्र में निर्देशित किया है कि अहमदपुर के विद्यालय के नाम लगभग पंद्रह बीघा से अधिक भूमि पर दबंगों ने कब्जा किया हुआ है। जिसे टीम दिन के अंदर हटवाया जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। पत्र में उपजिलाधिकारी के आदेश का भी उल्लेख किया गया है। ज्ञात हो कि अहमदपुर विधालय की बेस कीमती भूमि पर काफी समय से दबंगों ने कब्जा जमाया हुआ है।

# भगवान बौद्ध धर्म की शिक्षा पूरे संसार में फैली हुई

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**भोगांव/मैनपुरी।** बौद्ध गुरु योंग्ये मिंग्युर रिंनपोछे के जन्मदिन के पर विक्रमशिला फाउंडेशन इंडिया द्वारा फाउंडेशन के ग्राम जसराजपुर राजघाट संकिसा परिसर में योंग्ये मिंग्युर रिंनपोछे के जन्मदिन पर सैकड़ों गरीबों को कंबल वितरित किए गए और भिक्षु लोगों के साथ गरीबों को भोजन भी कराया गया।

योगजीत लामा ने महापुरुषों के विचारों पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में वाइबीएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश बौद्ध ने कहा कि गुरु के माध्यम से यहां के काफी संख्या में छात्रों को शिक्षा के लिए प्रेरित किया गया तथा अन्य प्रदेशों के साथ विदेश भी भेजा गया। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध की शिक्षाओं पर चलकर संसार को युद्ध करना और नफरत जैसी सामाजिक कुरीतियों से बचाया जा सकता है। भगवान बुद्ध की शिक्षाएं किसी व्यक्ति विशेष और धर्म विशेष की सीमा में नहीं है इसीलिए बौद्ध धर्म की शिक्षा पूरे संसार में फैली हुई है। वर्तमान समय में संसार को युद्ध की आग से बचने के लिए बुद्ध की करुणा मैत्री भाईचारा की आवश्यकता है। इस अवसर पर आचार्य कर्मा कालसंघ येशे, कर्मा थप्से, बाई वीएस अकादमी के शिक्षक गण एवं छात्रों ने भाग लिया।

# जयंती पर सपाइयों ने नेताजी मुलायम सिंह को किया याद

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**किशनी/मैनपुरी।** शनिवार को सपा संस्थापक व पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की जयंती पर नगर में चेयरमैन प्रतिनिधि डैनी यादव के आवास पर सपा नगर अध्यक्ष मुकुल यादव के नेतृत्व में सपाइयों ने नेता जी को याद कर पुष्पांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर डैनी यादव ने कहा कि नेता जी देश प्रदेश ही नहीं पूरी दुनिया के लोकप्रिय जननायक थे, उन्होंने हमेशा हर समाज के व्यक्ति की बिना किसी भेदभाव के मदद की, और साथ ही पिछड़े, दलित, और अल्प संख्यक समाज के उत्थान को कोई कसर नहीं छोड़ी, इस अवसर पर वरिष्ठ सपा नेता जगदीश यादव, विनोद यादव, अभिलाख यादव, सभासद मुकेश प्रताप सिंह, पंकज यादव,रामबाबू सविता, शहाबुद्दीन खान, राहुल यादव, भूपेंद्र यादव, चंद्रकेश यादव, श्रीचंद दिवाकर, बॉबी यादव, रोहित यादव, अंकुल यादव, अश्वनी गुप्ता, छबीले यादव, मनोज कश्यप, सोनू यादव, बीरा यादव, शिवा राठौर ने मुलायम सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनको याद किया। वहीं नगर में पूर्व चेयरमैन डॉ. हाकिम सिंह यादव के क्लीनिक पर डॉ. भरत यादव ने सपा नेता डॉ. शिवम यादव उर्फ वैभव यादव के साथ सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव की 86वीं जयंती पर उनके चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर याद किया। सभी ने नेताजी मुलायम सिंह यादव के पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर राहुल यादव, रामानंद यादव, सुनील यादव, रविन्द्र सविता, गुरु यादव सहित कई लोग मौजूद रहे।

# चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है...

### किशनी के देवी जागरण में रात भर झूमे श्रद्धालु

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**किशनी/मैनपुरी।** शुक्रवार की रात्रि नगर के रामनगर तिराहे पर व्यापारी ओमप्रकाश गुप्ता के आवास पर विशाल मां भगवती जागरण का आयोजन किया गया। जागरण में पूरी रात माता के सुंदर भजनों पर भक्त गण झूमते रहे। सुबह तक आयोजित जगराते में तारा रानी की कथा के साथ समापन हुआ और प्रसाद वितरण किया गया। देवी जागरण का आयोजन यूनिवर्सल म्यूजिकल इवेंट्स कानपुर की तरफ से किया गया। जागरण का शुभारंभ व्यापारी ओमप्रकाश गुप्ता, रमा देवी गुप्ता, सुमित गुप्ता, अतुल गुप्ता, अनिल गुप्ता और उनके परिजनों ने आरती कर किया।

जागरण की प्रथम हाजरी प्रवेश शुक्ला ने गणेश भगवान की बंदना के साथ की और कहा की आजा मां आजमा एक बार मेरे घर आ जा मां, चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है, प्रेम से बोलो जय माता दी आदि भजन गाकर भक्तो को मंत्रमुग्ध कर दिया, गायक अटल शर्मा ने कहा की तेरा दर तो हकीकत में, अंबे तू है जगदंबे बाली तेरी आरती उतारे हम मिलकर तेरी आरती, गायिका प्रिया दुबे, ने कहा की बेटियां क्यों पराई है आदि भजन सुनाए, जागरण के बीच में जागरण की पार्टी की तरफ से एक दर्जन से अधिक झांकियां दिखाई गई। जिसमे काली का अखाड़ा, शिव तांडव, हनुमान जी, खाटू श्याम आदि की मन्महोक झांकी दिखाई गई,गायक संध्या शाक्य, दिलीप गुप्ता,आदि ने भी भजन प्रस्तुत किए।

इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन अनिल मिश्रा, आदेश गुप्ता, सभासद राहुल गुप्ता, प्रशांत तिवारी, पंकज चौहान, सुनील गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, गोल्डी गुप्ता, मनीष गुप्ता, बबलू गुप्ता, आदि मौजूद रहे।

# भूमि पर कब्जों की शिकायत पर मौके पर जाकर जांच करें पुलिस, राजस्व टीम

### डीएम, एसपी ने थाना समाधान दिवस में थाना घिरोर में सुनीं पीड़ितो की शिकायतें

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**मैनपुरी।** थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना घिरोर में जन-शिकायतें सुनने के दौरान जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि अनाधिकृत कब्जे से सम्बन्धित शिकायतों का राजस्व, पुलिस की टीम मौके पर जाकर निस्तारण करें, मौके पर की गयी कार्यवाही पर दोनों पक्षों के साथ-साथ अन्य 02 गवाहों से भी हस्ताक्षर करायें, वापस आने पर थाने की जीडी में अंकन किया जाये, मौके पर यदि किसी के द्वारा व्यवधान उत्पन्न किया जाये तो उसे भारी मुचलके में पाबंद कर शांति भंग में कार्यवाही की जाये, जबरन कब्जा करने वालों के विरूद्ध दंडात्मक कार्यवाही हो, एक बार सीमांकन, पैमाइश के बाद यदि किसी के द्वारा पुनः कब्जा किया जाये तो उसे भू-माफिया में चिन्हित कर उसके विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराकर वैद्यानिक कार्यवाही की जाये। उन्होने कहा कि कहीं भी सार्वजनिक भूमि यथा चकरोड़, तालाब, मरघट, विद्यालय की भूमि पर अनाधिकृत कब्जा न हो, चकमार्ग, चकरोड, सड़क आमजन के आवागमन के लिए हैं, इन पर अवैध कब्जों के कारण आमजन को आवागमन में असुविधा का सामना न करना पड़े। थाना समाधान दिवस के अवसर पर गोधना नि. शैलेन्द्र सिंह ने अपने शिकायती प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि गाटा संख्या 859 जो करीब 39 बीघा का है, में 28 बीघा भूमि ग्राम समाज मे दर्ज है, जिस पर राजस्व कर्मियों की मिलीभगत से भू-माफिया ने कूटरचित दस्तावेजों के सहारे भूमि को आबादी घोषित कराकर घिरोर बाईपास में करीब 02 करोड़ का मुआवजा भी ले लिया, वर्तमान में शेष भूमि पर भी कब्जा किया जा रहा है।

शिकायतकर्ता ने मॉग की कि भू-माफियाओं द्वारा गलत ढंग से लिए गए मुआवजे पर मुकदमा दर्ज कराकर धनराशि सरकार के खाते में वापस जमा करायी जाये साथ ही किये जा रहे अवैध कब्जे को हटवाया जायें। जिलाधिकारी ने शिकायत की गंभीरता को देखते हुए स्वयं मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण कर आबादी घोषित की पत्रावली अवलोकनार्थ प्रस्तुत करने के निर्देश उप जिलाधिकारी घिरोर को देते हुये दस्तावेजों में अंकित ग्राम सभा की भूमि पर अवैध रूप से कराये जा रहे निर्माण को अपनी मौजूदगी में ध्वस्त कराया। उन्होने उप जिलाधिकारी से कहा कि उक्त शिकायत पर जांच कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करें यदि आबादी घोषित करने, दस्तावेजों में गलत प्रविष्टि अंकित करने की शिकायत सत्य पायी जाये तो सम्बन्धित कर्मियों का उत्तरदायित्व निर्धारित कर दण्डांत्मक कार्यवाही की जाये। जिलाधिकारी ने तहसील घिरोर, सदर का भ्रमण कर निर्वाचक नामावलियों के संचालित विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा करते हुये उप जिलाधिकारियों, बूथ लेवल अधिकारियों से कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करते हुए पुनरीक्षण का कार्य किया जाये, बूथ लेवल अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के प्रत्येक घर का इस अवधि में कम से कम 03 बार भ्रमण कर गणना प्रपत्र भरवाकर जमा करायें, गणना प्रपत्र कार्य भरवाने में पूरी पारदर्शिता बरती जाये। इस दौरान पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा, उप जिलाधिकारी सदर, घिरोर अभिषेक कुमार, प्रसून कश्यप, क्षेत्राधिकारी कुरावली सच्चिदानंद, आई.जी.आर.एस. प्रभारी अनुज कुमार आदि उपस्थित रहे।

# तस्करी करके ले जा रहे 74 कछुआ बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

### कार भी बरामद, कार से उत्तराखंड में तस्करी ले जा जाए रहे कछुआ

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**मैनपुरी।** करहल थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए 74 कछुओं की तस्करी कर रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से एक स्विफ्ट डिजायर कार भी जब्त की है। यह कार्रवाई एसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई।

प्रेसवार्ता में एसपी ग्रामीणा राहुल मिठास ने बताया कि शनिवार की रात्रि करीब 2 बजे करहल थाना पुलिस के उपनिरीक्षक सतीश कुमार अपनी टीम के साथ दुमिला बॉर्डर पर बैरियर लगाकर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे।

इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि इटावा की ओर से एक स्विफ्ट डिजायर कार करहल की तरफ आ रही है, जिसमें कछुए भरे हुए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल वन विभाग को सूचित किया। क्षेत्रीय वन अधिकारी विवेकानंद दुबे अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम ने कार को रोककर तलाशी ली, तो उसकी डिग्गी से 74 जीवित कछुए बरामद हुए। बरामदगी के आधार पर कार में सवार दोनों तस्करों, ज्ञानेन्द्र गंगवार पुत्र सेवाराम निवासी बहैडी सासूनगर बरेली और अर्श पठानिया पुत्र राजेन्द्र प्रसाद निवासी खुटिया बहैडी बरेली को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। इनके खिलाफ थाना करहल में वन्य अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। एएसपी ग्रामीण ने बताया कि कार्रवाई के बाद दोनो कछुआ तस्कर न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया, पुलिस इस मामले में आगे की कार्रवाई कर रहीं है।

पुलिस के अनुसार, आरोपी ज्ञानेन्द्र गंगवार का काफी बड़ा आपराधिक इतिहास रहा है। उस पर हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट और धोखाधड़ी सहित कई गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। वहीं, अर्श पठानिया के खिलाफ यह पहला मामला बताया गया है।

## बंटवारे की बात को लेकर जेठ पर मारपीट का आरोप

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**बेवर/मैनपुरी।** थाना क्षेत्र बेवर के अंतर्गत शुक्रवार तीन बजे बंटवारे की बात को लेकर जेठ द्वारा अपने छोटे भाई की पत्नी के साथ गाली गलौज कर मारपीट की गई। पीड़ित महिला द्वारा मामले की तहरीर थाने में दी गई है। मामले की तहरीर देते हुए अनुपम पत्नी कश्मीर सिंह राजपूत निवासी जलालपुर मानपुर हरी निवासी ने आरोप लगाते हुए बताया कि उनके जेठ महेंद्र और उनके पति कश्मीर सिंह के पास बीस बीघा खेती है जिसे उनके जेठ स्वयं करते हैं।मेहनत मजदूरी का रुपया भी नहीं देते।जब बंटवारे की बात कहते हैं तो वह भी नहीं करते। शुक्रवार को शाम तीन बजे उन्होंने अपने जेठ संजय कुमार से अपने खेत का आधा हिस्सा मांगा तो गाली गलौज देते हुए लात घूंसों से उनके साथ मारपीट की। जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया आपसी बंटवारे का मामला है दोनों पक्षों से मामले की जानकारी जुटाई जा रही है।

# नगर के विकास के लिए चेयरमैन ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात

### विकास के लिए धनराशि भी मांगी गई, जल्द मिलने का आश्वासन

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**बेवर/मैनपुरी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से नगर पंचायत चेयरमैन सरितकांत भाटिया ने शुक्रवार को मुलाकात की। चेयरमैन ने नगर के विकास और समस्याओं के निराकरण के लिए मुख्यमंत्री से कई बिन्दुओं पर वार्ता की। मुख्यमंत्री ने नगर पंचायत चेयरमैन को आश्वासन दिया है।

मुख्यमंत्री से मुलाकात करने के बाद वापस लौटे नगर पंचायत चेयरमैन सरितकांत भाटिया ने बताया कि मुख्यमंत्री को नगर की ज्वलंत समस्याओं से अवगत कराया गया है। साथ ही नगर के विकास के लिए धनराशि की मांग की गई है। नगर पंचायत के प्रबंधन की भूमियों को सुरक्षित रखने के लिए सीमांकन और पैमाइश कराए जाने की मांग सीएम से की गई। नगर पंचायत बेवर के प्रमुख मार्ग निर्माण सहित जल निकासी योजना पर चर्चा की गई।इसके साथ ही नगर क्षेत्र के छिबरामऊ तिराहा के निकट बंजर भूमि में दर्ज था तथा इस भूमि पर नगर पंचायत का कब्जा था। इसी बंजर भूमि को कब्रिस्तान में दर्ज करा लिया गया। इसके संबंध में मुख्यमंत्री को पूरा प्रकरण बताया गया। इस जमीन पर पूर्व में सेक्रेटरी/प्रबंधक द्वारा नगर पंचायत से मानचित्र स्वीकृत करने हेतु आवेदन किया गया था चूंकि उक्त भूमि बंजर थी इसलिए चेयरमैन द्वारा इसे स्वीकृत नहीं किया गया। नगर पंचायत चेयरमैन द्वारा मुख्यमंत्री से मुलाकात कर पूरे मामले से अवगत करा संबंधित पत्र भी भेंटकर नगर पंचायत को कब्जा दिलाने की मांग की गई है। इस मौके पर विधायक रामनरेश अग्निहोत्री, पूर्व जिलाध्यक्ष अरविंद तोमर, चेयरमैन प्रतिनिधि आशीष तिवारी साथ रहे।

# दाऊजी महाराज मंदिर और किला खाई क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण की जांच, जिलाधिकारी ने दिए कार्यवाही के निर्देश



अवैध अतिक्रमण की स्थिति का जायजा लेते जिलाधिकारी अतुल वत्स व पुलिस अधीक्षक चिरंजीवनाथ सिन्हा

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** दाऊजी महाराज मंदिर प्रांगण और किला खाई क्षेत्र में हो रहे अवैध अतिक्रमण की स्थिति का जिलाधिकारी अतुल वत्स ने पुलिस अधीक्षक चिरंजीवनाथ सिन्हा के साथ निरीक्षण किया। अधिकारियों ने ड्रोन कैमरे के माध्यम से पूरे क्षेत्र का प्रत्यक्ष अवलोकन कर अतिक्रमण की वास्तविक स्थिति को परखा।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मंदिर परिसर की सुरक्षा, संरक्षा और इसके मूल स्वरूप के संरक्षण पर विशेष बल दिया। उन्होंने क्षेत्र में मार्किंग पॉइंट तय करते हुए सर्वे कर समस्त जानकारी संकलित करने और विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही मंदिर परिसर और किला खाई क्षेत्र के सौंदर्यीकरण, सांस्कृतिक संरक्षण तथा भक्तों के लिए सुगम परिक्रमा मार्ग विकसित करने के लिए कार्य योजना तैयार करने को कहा।

जिलाधिकारी ने पुरातत्व विभाग, उप जिलाधिकारी और नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को समन्वय स्थापित कर शीघ्र आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी, क्षेत्राधिकारी पुलिस सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# मंगलायतन विश्वविद्यालय में बी.फार्म तृतीय वर्ष हेतु फामाकीलॉजी पुस्तक का विमोचन



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**अलीगढ़।** मंगलायतन विश्वविद्यालय के फामेर्सी विभाग के प्राचार्य प्रो. फवाद खुर्शीद द्वारा बी.फार्म तीसरे वर्ष के विद्यार्थियों के लिए तैयार की गई ह्लटेक्स्ट बुक ऑफ फामाकोलॉजीह्व का विमोचन हुआ।

यह पुस्तक फामेर्सी काउंसिल ऑफ इंडिया (पीसीआई) के पाठ्यक्रम के अनुरूप तैयार की गई है। पुस्तक देशभर के बी.फार्म विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। लेखक ने बताया कि पुस्तक का उद्देश्य विषय संबंधी ज्ञान को सुदृढ़ करते हुए छात्रों को सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना है। पुस्तक का विमोचन कुलपति प्रो. पीके दशोरा, कुलसचिव ब्रिगेडियर समरवीर सिंह, डीन एकेडमिक प्रो. राजीव शर्मा, आईक्यूएसी निदेशक प्रो. राजेश उपाध्याय, स्कूल ऑफ फामेर्सी के प्राचार्य प्रो. अब्दुल वदूद सिद्दीकी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कुलपति ने पुस्तक लेखक को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि फामेर्सी से जुड़े समुदाय के लिए ऐसी पुस्तकों को आवश्यक बताया। यह विद्यार्थियों की अकादमिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# जिला पंचायत बोर्ड बैठक में मिली 50 करोड़ के बजट को मंजूरी




मोर्निंग सिटी संवाददाता

**अलीगढ़।** जिला पंचायत बोर्ड की महत्वपूर्ण बैठक में आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 50 करोड़ रुपए के बजट को सर्वसम्मति से मुहर लगा दी गई है। इस अनुमोदित बजट में से, अगले वित्तीय वर्ष में जिला पंचायत क्षेत्र में 44 करोड़ रुपए की लागत से विभिन्न विकास कार्य कराए जाएंगे।

बजट पर मुहर लगने के साथ ही, बैठक में मौजूद जिला पंचायत सदस्यों ने ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता और क्रियान्वयन को लेकर सवाल उठाए। सदस्यों ने विशेष रूप से यह मुद्दा उठाया कि ग्रामीण क्षेत्रों में लगाई गईं हाई-मास्ट लाइटें अक्सर खराब पड़ी रहती हैं, जिससे उनका उद्देश्य पूरा नहीं हो पा रहा है और जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सदस्यों ने अपनी चिंताओं को प्रमुखता से रखते हुए अधिकारियों से इन समस्याओं के त्वरित निवारण और विकास कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की।

जिला पंचायत बोर्ड की इस बैठक में जिले के सभी जिला पंचायत सदस्यों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। इसके अलावा, बैठक में भाजपा के जिला अध्यक्ष कृष्ण पाल लाला और वरिष्ठ भाजपा नेता श्यौराज सिंह सहित अन्य भी उपस्थित रहे। इन नेताओं ने बजट अनुमोदन की प्रक्रिया को सराहा और ग्रामीण विकास की दिशा में तेजी लाने पर जोर दिया। सदस्यों ने विशेष रूप से यह मुद्दा उठाया कि ग्रामीण क्षेत्रों में लगाई गईं हाई-मास्ट लाइटें अक्सर खराब पड़ी रहती हैं, जिससे उनका उद्देश्य पूरा नहीं हो पा रहा है और जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# तहसील कोल में एसआईआर कार्यों की समीक्षा

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**अलीगढ़।** जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन ने तहसील कोल पहुंचकर विशेष सारांश पुनरीक्षण के अंतर्गत चल रहे कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने टीम को मतदाता सूची को शुद्ध, त्रुटिरहित एवं अद्यतन करने की निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप तीव्र व गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए।

समीक्षा बैठक के दौरान एसडीएम कोल द्वारा महिमा राजपूत द्वारा अब तक संपन्न कार्यों का विस्तृत प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया, जिसमें फॉर्म-6, 7, 8 की प्राप्ति, निपटान, बीएलओ कार्य प्रगति और फील्ड वेरिफिकेशन की स्थिति साझा की गई।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रस्तुत आंकड़ों की बारीकी से समीक्षा करते हुए कहा कि एक भी पात्र नागरिक का नाम छूटने न पाए और एक भी अपात्र नाम सूची में न रहे, यही निर्वाचन आयोग की मंशा भी है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी पंकज कुमार ने एईआरओ व अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बूथ स्तर पर टीम वेरिफिकेशन को और मजबूत किया जाए और सभी बीएलओ अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर संपर्क को प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि फॉर्मों के निस्तारण में शून्य लंबित लक्ष्य को समयबद्ध रूप से प्राप्त किया जाए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि एसआईआर की प्रगति की दैनिक मॉनिटरिंग की जाए, प्रायोगिक कमियों को तुरंत सुधारा जाए और नागरिकों में जागरूकता बढ़ाने के लिए व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार भी किया जाए।

एसडीएम महिमा राजपूत ने बताया कि विधानसभा कोल-75 में कुल 415 बीएलओ कार्य कर रहे हैं। एसआईआर कार्य की प्रगति 7.53 प्रतिशत है। बैठक के उपरांत जिलाधिकारी ने बूथ संख्या 16 बेगपुर एवं बूथ संख्या 17 महावीर पार्क का निरीक्षण किया गया।

बूथ संख्या 16 पर 350 एवं 17 पर 200 गणना प्रपत्र के फार्म बीएलओ द्वारा प्राप्त किए जा चुके हैं। इस दौरान नगर मजिस्ट्रेट अतुल कुमार गुप्ता, उपायुक्त मनरेगा अनुज सक्सेना, डिप्टी कलेक्टर मो0 अमान, खंड विकास अधिकारी एवं नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

# 13 व 14 दिसंबर को कर्नाटक में होगा अखिल भारतीय पंचायत परिषद का 18वां राष्ट्रीय अधिवेशन

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**अलीगढ़।** अखिल भारतीय पंचायत परिषद के राष्ट्रीय महासचिव राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी गवेंद्रसिंह एडवोकेट ने बताया अखिल भारतीय पंचायत परिषद का 18 वा राष्ट्रीय सम्मेलन कर्नाटक राज्य पंचायत परिषद के निवेदन और सुझाव पर दिनांक 13 व 14 दिसंबर को दो दिवसीय स्थान महात्मा गांधी ग्रामीण विकास पंचायत राज विश्वविद्यालय गडग बेटागेरी कर्नाटक में होगा उक्त सम्मेलन का उद्घाटन कर्नाटक सरकार के मुख्यमंत्री माननीय सिद्धार्थ मैथ्या और समापन पंचायत राज मंत्री प्रियाक खड़गे करेंगे राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता अखिल भारतीय पंचायत परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सुबोध कांत सहाय पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार करेंगे सम्मेलन में कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ अशोक चौहान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूर्व सांसद डीपी राय महासचिव अनिल शर्मा गवेंद्रसिंह ठाकुर ध्यान पाल सिंह राजेंद्र सिंह तोमर चौधरी भूपेंद्र सिंह प्रदेश अध्यक्ष राना दिनेश प्रताप सिंह मीडिया प्रभारी बद्री प्रसाद राष्ट्रीय



सचिव नयना नंदकुमार पाटिल चौधरी महेंद्र सिंह श्रीमती मीना चौहान राजाराम आनंद पूर्व अध्यक्ष कृषि अनुसंधान उत्तर प्रदेश नरेंद्र सोलंकी सीपी सिंह कुवर कुशवीर सिंह एडवोकेट दुर्गेश चंद गौतम एडवोकेट पूर्व बार अध्यक्ष और पंचायत परिषद के सभी राष्ट्रीय पदाधिकारी, सभी प्रांतों के प्रदेश अध्यक्ष, पदाधिकारी एवम राष्ट्रीय परिषद के सदस्य बुद्धिजीवी एवं लोकप्रिय समाजसेवी ग्रामीण पंचायत के विशेषज्ञ साहित पूरे देश से करीब 1000 प्रतिनिधि सम्मेलन में भाग लेंगे सम्मेलन में ग्रामीण विकास से संबंधित त्रिस्तरीय पंचायत राज व्यवस्था को पूरे देश में और अधिक सशक्त एवं मजबूत बनाए जाने, पंचायत परिषद के संगठन को ग्रामीण स्तर तक गठित किए जाने तथा तथा 73वें 74वें संविधान संशोधन के अनुरूप ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों को संपूर्ण अधिकार राज्य सरकारों द्वारा दिलाए जाने के प्रमुख रूप से मुख्य मुद्दे होंगे राष्ट्रीय सम्मेलन में उत्तर प्रदेश से करीब 200 लोग प्रतिनिधि के रूप में भाग लेंगे राष्ट्रीय सम्मेलन को ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज मंत्रालय कर्नाटक सरकार द्वारा अपना पूर्ण सहयोग , समर्थन दिया जा रहा है राष्ट्रीय महासचिव एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी गवेंद्रसिंह एडवोकेट ने उत्तर प्रदेश के पंचायत साथियों से अनुरोध किया है सम्मेलन में भाग लेने वाले सभी साथी पंचायत परिषद के राष्ट्रीय कार्यालय नई दिल्ली मयूर विहार पर संपर्क कर लें '

# गुरु तेग बहादुर के बलिदान दिवस पर अवकाश की तिथि संशोधित, अब 25 नवंबर को रहेगा अवकाश

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** जिलाधिकारी अतुल वत्स ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2025 के लिए घोषित अवकाश सूची में संशोधन किया गया है। शासन के सामान्य प्रशासन अनुभाग, लखनऊ की नवीन विज्ञप्ति के अनुसार श्री गुरु तेग बहादुर के बलिदान दिवस पर कार्यकारी आदेशों के अंतर्गत घोषित अवकाश की तिथि परिवर्तित कर दी गई है।

पूर्व में यह अवकाश 24 नवंबर 2025 के लिए निर्धारित था, किंतु शासन स्तर पर विचारोपरांत इसे संशोधित करते हुए अब 25 नवंबर 2025 को अवकाश घोषित किया गया है। यह अवकाश कार्यकारी आदेशों के अंतर्गत लागू होगा। संशोधित तिथि के अनुसार 25 नवंबर 2025, मंगलवार (शक संवत आग्रहायण 04, 1947 एवं विक्रम संवत 2082 मार्गशीर्ष शुक्ल पंचमी) को सभी संबंधित विभागों में अवकाश रहेगा।

इस संबंध में वर्ष 2025 की अवकाश सूची से संबंधित सामान्य प्रशासन अनुभाग की पूर्व विज्ञप्ति को प्रस्तर-2 की सीमा तक संशोधित माना जाएगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि शासन के आदेशों के अनुरूप तदनुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# थाना समाधान दिवस पर जनसुनवाई, शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश

**थाना कोतवाली में जनसुनवाई करते जिलाधिकारी अतुल वत्स व पुलिस अधीक्षक चिरंजीवनाथ सिन्हा**



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी अतुल वत्स ने पुलिस अधीक्षक चिरंजीवनाथ सिन्हा के साथ कोतवाली हाथरस में जनसमस्याओं की सुनवाई की। अधिकारियों ने प्राप्त शिकायतों पर संबंधित विभागों को मौके का मुआयना कर गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी ढंग से निस्तारण के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए कहा कि शिकायतों का समयबद्ध और प्रभावी निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों पर तुरंत टीम भेजकर मौके पर ही कार्रवाई की जाए तथा प्रत्येक शिकायत का भौतिक सत्यापन अनिवार्य रूप से किया जाए। जिलाधिकारी ने चेतावनी देते हुए कहा कि लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने अवैध कब्जों और अतिक्रमणों को हटाने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि पुलिस व प्रशासन संयुक्त रूप से प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें। साथ ही थानों में आने वाले फरियादियों से शालीन और संवेदनशील व्यवहार करने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक चिरंजीवनाथ सिन्हा ने अधिकारियों से कहा कि संवेदनशील रवैया अपनाकर शिकायतकर्ताओं को संतोषजनक समाधान प्रदान किया जाए। समाधान दिवस पर उप जिलाधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी पुलिस, थाना प्रभारी, लेखपाल एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# एएमयू में छात्र संघ चुनाव न होने पर की गई हाईकोर्ट में याचिका दाखिल

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में लगातार सात वर्षों से छात्र संघ चुनाव न होने के मुद्दे पर विवाद फिर तेज हो गया है। एलएलएम के छात्र कैफ हसन ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में नई याचिका दाखिल की है। आरोप लगाया कि परीक्षा के कार्यक्रम आगे बढ़ाने से लग रहा है कि एएमयू इंतजामिया और कुलपति दिसंबर में चुनाव कराने के लिखित आश्वासन से मुकर रहे हैं।

कैफ हसन का कहना है कि विश्वविद्यालय ने अगस्त में नोटिस और हाईकोर्ट में दाखिल हलफनामे में साफ लिखा था कि दिसंबर 2025 में छात्र संघ चुनाव कराए जाएंगे। हसन का कहना है कि सात साल से छात्र संघ नहीं हैं। बावजूद इसके छात्र संघ फीस से करोड़ों रुपये का फंड है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह फंड बिना किसी चुने हुए प्रतिनिधि की निगरानी के खर्च किया जा रहा है। यह छात्रों के संवैधानिक अधिकार का हनन है और फंड के उपयोग की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। अगस्त में छात्रों को भूख हड़ताल करनी पड़ी थी, तब जाकर प्रशासन ने दिसंबर में चुनाव कराने की लिखित सहमति दी थी। लेकिन मौजूदा परिस्थितियां देखकर लग रहा है कि एएमयू प्रशासन छात्रों से किए वादे से पीछे हट रहा है। कैफ हसन ने कहा कि अगर उनकी सुरक्षा को कोई खतरा होता है, तो उसकी जिम्मेदारी एएमयू प्रशासन की होगी। उन्होंने कहा कि लगातार टाले जा रहे चुनावों को लेकर एएमयू कैंपस में असंतोष बढ़ रहा है और छात्र इसे अपने प्रतिनिधित्व के अधिकार पर सीधा हमला बता रहे हैं।




इसी आश्वासन के आधार पर उन्होंने 10 नवंबर को कुलपति प्रो. नईमा खातून को ज्ञापन सौंपकर चीफ इलेक्शन ऑफिसर (सीईओ) की नियुक्ति और चुनाव कार्यक्रम घोषित करने की मांग की। लेकिन उसी दिन अचानक विश्वविद्यालय प्रबंधन ने परीक्षा कार्यक्रम और अंतिम कार्य दिवस भी बढ़ा दिया। छात्रों का आरोप है कि परीक्षा कार्यक्रम और अंतिम कार्य दिवस आगे बढ़ाने का फैसला चुनाव टालने की सोची-समझी रणनीति का हिस्सा है। याचिका में हाईकोर्ट से मांग की गई है कि वह एएमयू प्रशासन को तत्काल सीईओ नियुक्त करने और एएमयू स्टूडेंट्स यूनियन (एएमयूएसयू) चुनाव की तिथि घोषित करने का निर्देश दे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए आहुत हुई समन्वय बैठक

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**अलीगढ़।** माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार और जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पंकज कुमार अग्रवाल के दिशा निर्देशन में 13 दिसम्बर शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय, बाह्य स्थित न्यायालयों एवं तहसील स्तर पर किया जाना है।

राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालयों एवं विभागों में लम्बित विभिन्न प्रकृति के मामलों- फौजदारी के शमनीय वाद, धारा 138 एनआईएक्ट, धन वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, श्रम वाद, विद्युत अधिनियम एवं जलकर से सम्बन्धित वाद, पारिवारिक एवं वैवाहिक वाद, भूमि अर्जन वाद, सेवा सम्बन्धित वाद अन्य दीवानी वाद, अन्य प्रकृति के वाद जो न्यायालयों में छोटे-छोटें प्रकृति के लंबित मामलों के अतिरिक्त पारिवारिक, वैवाहिक विवादों के प्रीलिटिगेशन मामलों तथा प्रीलिटिगेशन स्तर पर विभिन्न बैंको, वित्तीय संस्थाओं एवं विभागों में लम्बित, प्रीलिटिगेशन स्तर के मामलों का भी निस्तारण आपसी सुलह समझौता के आधार पर किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए प्रथम अपर जिला जज, नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत प्रतिभा



सक्सैना-द्वितीय की अध्यक्षता में एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नितिन श्रीवास्तव की उपस्थिति में उनके विश्राम कक्ष में प्रशासनिक अधिकारियों के मध्य समन्वय बैठक आहूत की गयी। बैठक में नोडल अधिकारी ने सभी प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया कि 13 दिसंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों को चिन्हित कर उक्त की सूचना 25 नवंबर तक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, जिससे कि उक्त की सूचना उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधकिरण लखनऊ को दी जा सके। उन्होंने सभी प्रशासनिक अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि अपने स्तर से चिन्हित मामलों में पक्षकारों को बुलाकर उनसे सुलह वार्ता कर अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण कराने का प्रयास करें। उक्त सूचना नितिन श्रीवास्तव, अपर जिला जज, पूर्णकालीन सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दी गई है।

# 53वीं मण्डल स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का हुआ समापन

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**अलीगढ़।** माध्यमिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में 53 वीं मण्डल स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का श्री महेश्वर कन्या इंटर कॉलेज में समापन में मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ पूरन सिंह, विद्यालय की प्रधानाचार्य इंदू गौतम एवं जिला समन्वयक राजीव कुमार अग्रवाल ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पण व दीप प्रज्जवलन कर किया। श्री सिंह ने कहा कि बेहतर भविष्य के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी का सही उपयोग एवं नवाचार की आवश्यकता है, जो विद्यार्थी आज पीछे हैं वह मेहनत करके विजयी छात्रों से दौड़कर आगे निकल सकते हैं।

निर्णायक सदस्य डॉ जफरुल हसन एवं डॉ पुष्पेन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि सभी छात्र और छात्राएं किताबों से दोस्ती करें वही आपका मुकद्दर बना सकती हैं, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी का महत्व बताते हुए प्रतिभागी छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं दी। नोडल एवं जिला समन्वयक राजीव कुमार अग्रवाल ने 53 वीं मण्डल स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी के परिणाम की घोषणा करते हुए कहा कि इस



प्रदर्शनी में कुल 55 बाल वैज्ञानिकों का चयन हुआ है, जिनमें से प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 21 प्रतिभागी छात्र और छात्राएं सहित 07 शिक्षक अपने नवाचारी मॉडल राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में प्रस्तुत करेंगे। निर्णायक मण्डल की भूमिका का निर्वहन डॉ० सुरभि वार्ष्णेय, रसायन विज्ञान विभाग, श्री टीकाराम महाविद्यालय, अलीगढ़,डॉ० पूर्णिमा वार्ष्णेय, वनस्पति विज्ञान विभाग, श्री टीकाराम महाविद्यालय, अलीगढ़,डॉ० मोहसिन खान, अनुप्रयुक्त भौतिकी विभाग, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़,डॉ० रूपाली वार्ष्णेय, गणित विभाग, श्री टीकाराम महाविद्यालय , अलीगढ़, डॉ० पुष्पेन्द्र त्रिपाठी, भौतिकी विभाग, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़,प्रो० दिलीप गुप्ता, रसायन विज्ञान विभाग, धर्मसमाज महाविद्यालय, अलीगढ़, प्रो० वीरेन्द्र वार्ष्णेय, जन्तु विज्ञान विभाग, धर्मसमाज महाविद्यालय, अलीगढ़, डॉ० जफरूल हसन, अनुप्रयुक्त भौतिकी विभाग, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़ ने किया।

जूनियर वर्ग एवं सीनियर वर्ग के उपविषय पर आधारित स्थिर एवं क्रियाशील मॉडलों को प्रथम, द्वितीय स्थान पर आने वाले प्रतिभागी को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन नीरजा शर्मा ने किया। अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्य इंदू गौतम ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण उत्पन्न करने के लिए प्रेरित किया।

# अपराध नियंत्रण व जनसुरक्षा हेतु एसपी कानपुर देहात का औचक निरीक्षण

मोर्निंग सिटी संवाददाता








पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय ने शनिवार को थाना भोगनीपुर क्षेत्रांतर्गत कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा हेतु औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चौकी देवीपुर, रेलवे स्टेशन मलासा तथा आसपास के सार्वजनिक स्थलों का निरीक्षण किया तथा क्षेत्र में पैदल गश्त की। निरीक्षण का उद्देश्य अपराध नियंत्रण, जनसुरक्षा एवं पुलिस कार्यप्रणाली को सुदृढ़ करना बताया गया।

चौकी देवीपुर का निरीक्षण, कर्मियों को दिए निर्देश एसपी ने चौकी देवीपुर पहुंचकर अभिलेखों के रखरखाव, ड्यूटी प्रबंधन, बीट सूचना प्रणाली एवं अपराध नियंत्रण संबंधी कार्रवाई की समीक्षा की। उन्होंने पुलिस कर्मियों को सक्रियता, संवेदनशीलता व समयबद्ध कार्यप्रणाली अपनाने तथा रात्रि गश्त एवं निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए।

रेलवे स्टेशन मलासा पर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने प्लेटफॉर्म, प्रतीक्षालय, टिकटघर एवं भीड़भाड़ वाले संवेदनशील स्थानों का स्थलीय निरीक्षण किया।

उन्होंने संदिग्ध व्यक्तियों व वस्तुओं की चेकिंग, डायल 112 एवं एंटी-रोमियो टीम की सक्रियता बढ़ाने तथा यात्री सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। पैदल गश्त कर आमजन से संवाद, सुरक्षा व्यवस्था का जायजा चौकी देवीपुर से रेलवे स्टेशन मलासा तक एसपी ने पैदल गश्त करते हुए स्थानीय नागरिकों से संवाद किया और क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया।

गश्त के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों एवं सामान की चेकिंग कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। प्रमुख निर्देश- रात्रि गश्त को अधिक प्रभावी बनाया जाए

अपराधियों पर सतत निगरानी

महिलाओं व कमजोर वर्गों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान

किसी भी सूचना पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई

## दो वेटलैंड स्थलों को पर्यटन केंद्र बनाने की तैयारी, जिलाधिकारी ने किया स्थलीय निरीक्षण



स्थलीय निरीक्षण करते जिलाधिकारी अतुल वत्स व पुलिस अधीक्षक चिरंजीवनाथ सिन्हा

मोर्निंग सिटी संवाददाता

हाथरस। तहसील सिकंदराराऊ क्षेत्र के दो महत्वपूर्ण वेटलैंड स्थलों ग्राम नगला शेखा स्थित रीठम झील और ग्राम छितूपुर स्थित छितूपुर वेटलैंड को पर्यटन के दृष्टिकोण से विकसित करने की पहल शुरू हो गई है। इसी उद्देश्य से जिलाधिकारी अतुल वत्स ने पुलिस अधीक्षक चिरंजीवनाथ सिन्हा के साथ दोनों स्थलों का स्थलीय निरीक्षण कर यथास्थिति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी सिकंदराराऊ को निर्देश दिए कि ग्राम सभा और किसानों की भूमि को अलग करते हुए वेटलैंड क्षेत्र का चिन्हांकन एवं सीमांकन कराया जाए। साथ ही झीलों तक पहुंचने वाले मार्गों को मजबूत बनाने, जल संचयन को बढ़ावा देने तथा पर्यटन विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर दोनों स्थलों को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की कार्ययोजना प्रस्तुत करने के आदेश दिए।

उप जिलाधिकारी ने जानकारी दी कि ग्राम पंचायत नगला कांच जलमग्न भूमि के अंतर्गत लगभग 128 हेक्टेयर क्षेत्र में फैली है और यह छितूपुर वेटलैंड से ड्रेनेज मार्ग द्वारा जुड़ी हुई है। वहीं रीठम झील चार ग्रामों नगला शेखा, नगला कांच, कलूपुरा और पिछौती की सीमाओं से घिरी है। छितूपुर वेटलैंड भी तीन ग्रामों नगला पार, हसायन और छितूपुर की सीमाओं से लगा हुआ है। ग्राम प्रधानों और खंड विकास अधिकारी ने बताया कि सर्दियों में इन वेटलैंड पर 20-25 प्रजातियों के हजारों प्रवासी पक्षी पहुंचते हैं, जिन्हें देखने दूर-दूर से पक्षी प्रेमी आते हैं। छितूपुर झील में पहले कई बॉलीवुड फिल्मों की शूटिंग भी हो चुकी है। नोएडा में निमार्णाधीन फिल्म सिटी और मथुराझबरेली हाईवे व यमुना एक्सप्रेसवे से कनेक्टिविटी को देखते हुए ये दोनों स्थल आउटडोर शूटिंग के लिए आदर्श साबित हो सकते हैं। इससे स्थानीय लोगों को रोजगार और आय के अवसर मिलेंगे।

निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी, एसडीएम सिकंदराराऊ, बीडीओ हसायन, राजस्व व चकबंदी विभाग की टीम, ग्राम प्रधान और सचिव भी मौजूद रहे।

## छोटी खबरें

### थाना समाधान दिवस में सांसद और विधायक ने सुनीं जन समस्याएं



**मोर्निंग सिटी संवाददाता हाथरस।** कोतवाली परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कोतवाली प्रभारी अवधेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस दिवस में हाथरस सांसद और सदर विधायिका अंजुला माहौर मुख्य रूप से मौजूद रहे। जनप्रतिनिधियों ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और मौके पर मौजूद अधिकारियों को उनके समयवद्धता के तहत निस्तारण के निर्देश दिए। शनिवार को लगाए गये समाधान दिवस में मंगलमुखी समाज के दोनों पक्ष के लोग पुराने विवाद को लेकर पहचे और अपनी-अपनी फरियाद जनप्रतिनिधियों के सामने पेश की। सांसद और विधायक ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोतवाली प्रभारी को मामले सुलझाने के निर्देश दिए। वहीं सांसद ने बताया कि समाधान दिवस में करीब एक दर्जन शिकायतें आईं जिसमें पुलिस और प्रशासन के सहयोग से दो शिकायतों का मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया। शेष शिकायतों में अधिकतर मामले राजस्व विभाग से संबंधित थे, जिन्हें संबंधित अफसरों को निस्तारण के निर्देश दिए है। समाधान दिवस में एसडीएम नीरज शर्मा, एडीएम, लेखपाल, कानूनगो सहित कोतवाली प्रभारी अवधेश कुमार और पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

### सांसद और विधायक ने बढ़ाया खिलाड़ियों का हौसला

**मोर्निंग सिटी संवाददाता हाथरस।** मनुष्य के जीवन में खेलकूदों का अपना महत्व है। क्यों कि पूर्व में भी हमारे ऋषि मुनि एवं राजाओं ने खेलकूद तथा शारीरिक व्यायाम अथवा शारीरिक परिश्रम कर ही हर क्षेत्र में विजय पाई। इसी प्रकार प्रतियोगिताओं में विजयी होने के बाद प्रतिभागी अपने माता पिता और गुरूजनों के साथ अपने देश और समाज का नाम रोशन करता है। वहीं उसकी समाज और देश में अलग पहचान होती है। शनिवार को यह बातें के एल जैन इंटर कॉलेज के क्रीडांगन में युवा कल्याण विभाग एवं प्रादेशिक विकास दल द्वारा आयोजित ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ करते वक्त मुख्यातिथि के रूप में मौजूद हाथरस सांसद एवं विधायक अंजुला माहौर तथा एसडीएम नीरज शर्मा ने संयुक्त रूप से दौड़ को हरी झंडी दिखाकर करते वक्त बताईं। क्षेत्रीय युवाओ ने अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए भरकर प्रयास कर खूब पसीना बहाया। प्रतियोगिता के दौरान जूनियर व सीनियर में 100 मीटर दौड़ का आयोजन हुआ, जिसमें खिलाड़ियों ने अपनी गति और दमखम का प्रदर्शन किया। विजेताओं को अतिथियों द्वारा शील्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. दीपक जैन, खंड विकास अधिकारी (ढक्व्) सुरेंद्र सिंह सहित विद्यालय का स्टाफ और क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। सभी ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की।

### आबकारी विभाग का विशेष प्रवर्तन अभियान, मदिरा दुकानों का औचक निरीक्षण



**मोर्निंग सिटी संवाददाता हाथरस।** आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देश और जिलाधिकारी के पर्यवेक्षण में जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया गया। अभियान के तहत आबकारी टीम ने थाना कोतवाली क्षेत्र में देशी, विदेशी और बीयर के थोक अनुज्ञापनों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान स्टॉक का मिलान किया गया और अनुज्ञापियों को राजस्व हित में लोकप्रिय ब्रांड उपलब्ध कराने के स्पष्ट निर्देश दिए गए। इसी क्रम में थाना कोतवाली क्षेत्र की विभिन्न मदिरा दुकानों का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी अनुज्ञापियों को ढडर मशीन के माध्यम से शत-प्रतिशत बिक्री सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए गए, ताकि पारदर्शिता बनी रहे और राजस्व संरक्षण किया जा सके। कार्रवाई के दौरान क्षितिज कुमार, आबकारी निरीक्षक हाथरस सदर, और अच्छे लाल मिश्र, आबकारी निरीक्षक सासनी, अपनी टीम सहित मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति फेज- 5 के तहत पुलिस ने महिलाओं और बच्चियों को किया जागरूक

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**हाथरस।** पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के निर्देशन में और अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार के पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति अभियान फेजझ5 के तहत जनपद में महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा, सम्मान तथा स्वावलंबन के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। महिला बीट आरक्षियों, एंटी रोमियो टीम और पुलिस अधिकारियों ने क्षेत्र में भ्रमण कर भीड़भाड़ वाले इलाकों, प्रमुख चौराहों, बाजारों, मंदिरों, शॉपिंग मॉल, स्कूलझकॉलेज, कोचिंग संस्थान, रेलवे स्टेशन, रोडवेज तथा गांवों में लोगों से संवाद किया।

अभियान के दौरान बालिकाओं, छात्राओं और महिलाओं को शासन की योजना सहित कई लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

पुलिस टीमों ने बाल विवाह, बाल श्रम, पाक्सो एक्ट और महिला उत्पीड़न की रोकथाम संबंधी अधिकारों पर भी जागरूक किया। छोटे बच्चों को गुड टचझबैड टच के बारे में समझाया गया और किसी भी समस्या की सूचना अभिभावकों या पुलिस को देने की सलाह दी गई।

सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, साइबर अपराध, डिजिटल अरेस्ट और सतर्कता उपायों पर भी विस्तृत जानकारी दी गई।

## माता मंदिर से तीन मूर्तियां और घंटे चोरी



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** गांव हडौली में अज्ञात चोरों ने एक मंदिर कोअपना निशाना बनाकर उसमें रखी माता की पीतल की प्रतिमायें ओरपीतल को घंटा चोरी कर लिया। घटना की शिकायत ग्रामीणों ने पुलिस से की है। शनिवार को मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की देर रात अज्ञात चोरों ने गांव हड़ौली में माता के मंदिर पर धाबा बोला और मंदिर में प्रवेश कर वहां स्थापित भगवान गणेश, दुर्गा माता और शंकर जी की पीतल की प्रतिमाओं को उखाड़कर ले गये। चोरों का इतने पर भी मन नहीं भरा तो उन्होंने मंदिर परिसर में लटके पीतल के घंटों पर भी हाथ साफ कर दिया। ग्रामीण जब सुब पूजा अर्चना के लिए मंदिर गये तो वहां प्रतिमाओं और घंटों न पाकर उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। ग्रामीणों का शोर सुनकर अन्य ग्रामीण मंदिर पर एकत्र हो गये और घटना से पुलिस को अवगत कराया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने चोरों के पगचिन्हों पर तलाश करने का काफी प्रयास किया मगर कोई सफलता हाथ नहीं लगी। इस संबंध में गांव के गजेंद्र सिंह सोलंकी ने थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। वहीं वहीं घटना को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

## मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिला सुरक्षा पर जागरूकता अभियान

मोर्निंग सिटी संवाददाता



कानपुर देहात ` 22 नवम्बर 2025 कानपुर देहात पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय के निर्देशन में "मिशन शक्ति 5.0" के तहत जनपद के विभिन्न बाजारों व सार्वजनिक स्थानों पर महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं कानूनी अधिकारों को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में थानों की महिला बीट पुलिस व कर्मियों ने सैकड़ों महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा संबंधी योजनाओं, हेल्पलाइन नंबरों, सरकारी लाभकारी योजनाओं तथा साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

### महिलाओं को बताए गए महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर

181 – महिला हेल्पलाइन, 1090 झ महिला शक्ति लाइन, 1098 – चाइल्ड हेल्पलाइन, 112 – आपातकालीन सेवा, 1076 झ पुलिस कंट्रोल रूम इसके अलावा वढउडढ ऐप के माध्यम से ऑनलाइन पुलिस सेवाओं का उपयोग करने के तरीके भी बताए गए। महिलाओं व युवतियों को सोशल मीडिया पर साइबर अपराध, फिशिंग, साइबर स्टॉकिंग एवं फर्जी खातों से बचाव के उपाय भी समझाए गए।

अभियान में महिलाओं को निम्न प्रमुख कानूनों से परिचित कराया गया–

ढडउरड एक्ट, दहेज निषेध अधिनियम, घरेलू हिंसा अधिनियम, आईटी एक्ट (साइबर अपराध संबंधित प्रावधान)अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं व बालिकाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करना, सुरक्षा उपायों से अवगत कराना और उन्हें आत्मविश्वास प्रदान करना है।

## भारत विकास परिषद ने उठाया जनसहयोग से मोक्षधाम का कायाकल्प करने का बीड़ा

मोर्निंग सिटी संवाददाता



हाथरस। सासनी- इगलास रोड स्थित मोक्षधाम अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। जबकि इसके सौंदर्यीकरण के लिए नगर पंचायत द्वारा लाखों रुपए खर्च करने का दाबा किया जा रहा है। यहां मोक्षगति को प्राप्त हुए व्यक्ति के पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार के लिए आने वाले लोगों को यहां बैठने की भी व्यवस्था नहीं है। न ही प्रकाश की कोई उचित व्यवस्था है।

इन सब अव्यवस्थाओं को दूर करने के लिए सामाजिक संस्था भारत विकास परिषद ने बीड़ा उठाया है। इसमें अन्य समाजसेवी भी सहयोग करने की बात कही है।

शनिवार को मोक्षधाम के सौदर्यीकरण का निरीक्षण करने गये समाजसेवियों ने बताया कि वर्तमान में मोक्षधाम की हालत इतनी दयनीय है कि यहां आने वाले लोगों भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बताया कि मोक्षधाम में सफाई और बिजली जैसी तमाम सुविधाओं का भी घोर अभाव है। वहीं कुछ लोगों ने बताया कि यदि कोई पार्थिव शरीर के साथ अंतिम यात्रा में कोई बाहर से आता है तो वहयहां की दुर्दशा देखकर परिहास उड़ाता है। बातचीत के दौरान लोगों ने बताया कि पूर्व में इसके लिए कथित तौर पर लाखों रुपये का बजट खर्च किया गया था। समाजसेवियों का कहना है कि मोक्षधाम का सौंदर्यीकरण कराने का कार्य नगर पंचायत का है, लेकिन अब वे प्रशासन के भरोसे न रहकर भारत विकास परिषद एवं जनसहयोग के माध्यम से मोक्षधाम का सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। जिससे अंतिम यात्रा में साथ आने वाले आने वाले लोगों को परेशानी न हो।

# थाना समाधान दिवस पर कानपुर देहात एसपी श्रद्धा नरेंद्र पांडे ने की जनसुनवाई

मोर्निंग सिटी संवाददाता






थाना समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय ने थाना रूरा पहुंचकर जन-सुनवाई की। इस दौरान थाने पर पहुंचे फरियादियों एवं पीड़ितों की समस्याओं को बारी-बारी से सुनते हुए उनके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। एसपी ने कहा कि सभी मामलों का निस्तारण विधिक, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से किया जाए जिससे पीड़ितों को त्वरित न्याय मिल सके।

पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि फरियादियों की समस्याओं को प्राथमिकता से दर्ज किया जाए और प्रत्येक शिकायत पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

क्षेत्राधिकारीगण ने भी की जनसुनवाई

अभियान के तहत जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण ने अपने-अपने सर्किल क्षेत्र के थानों पर जनसुनवाई करते हुए फरियादियों को न्याय का भरोसा दिलाया।

प्रार्थना पत्रों के त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण के लिए थानाध्यक्षों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

सभी थाना प्रभारियों द्वारा थाने पर आए फरियादियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं का संज्ञान लिया गया तथा न्यायोचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया।

मुख्य बिंदु (हाइलाइट्स बॉक्स)

थाना समाधान दिवस पर जनसुनवाई आयोजित

एसपी द्वारा फरियादियों की समस्याएँ सुनकर निर्देश जारी

समयबद्ध एवं पारदर्शी निस्तारण पर जोर

सभी सर्किलों में सीओ एवं थानाध्यक्षों ने भी सुनी शिकायतें

## अपराधियों पर कानपुर देहात पुलिस की कार्रवाई, अवैध शराब सहित कई अभियुक्त गिरफ्तार

मोर्निंग सिटी संवाददाता

पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात के निर्देशन में अपराध नियंत्रण एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु जनपद पुलिस द्वारा अभियान चलाते हुए विभिन्न थानों की पुलिस ने अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई की।

अवैध शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार थाना शिवली पुलिस ने चेकिंग के दौरान अभिषेक मिश्रा पुत्र अशोक मिश्रा निवासी ग्राम बहबरमऊ थाना कुमारगंज, अयोध्या को गिरफ्तार किया। अभियुक्त के कब्जे से 45 क्वार्टर अवैध देशी शराब (ट्विन टावर ब्रांड) बरामद की गई।

इस संबंध में मु0अ0सं0 364/2025, धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की गई।

### शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु 22 व्यक्तियों का चालान


जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस द्वारा विभिन्न थानों में कुल 22 व्यक्तियों का धारा 170/126/135 बीएनएसएस के अंतर्गत चालान किया गया। थानावार कार्रवाई इस प्रकार रही–

| थाना | व्यक्तियों की संख्या |
|---|---|
| अकबरपुर | 03 |
| गजनेर | 07 |
| रूरा | 03 |
| सिकन्दरा | 01 |
| मंगलपुर | 03 |
| रसूलाबाद | 01 |
| शिवली | 04 |

जनपद पुलिस द्वारा यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

# वसुंधरा एंक्लेव में दिनदहाड़े बड़ी चोरी, सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**हाथरस।** शहर की सुरक्षित और पॉश कॉलोनियों में शामिल वसुंधरा एंक्लेव मंगलवार को एक बड़ी चोरी की वारदात का गवाह बना। दिनदहाड़े चोरों ने कॉलोनी में घुसकर न केवल सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी, बल्कि एक साथ दो मकानों को निशाना बनाकर लाखों का सामान उड़ा ले गए। घटना के बाद कॉलोनी में दहशत का माहौल है और लोग सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार चोरों ने आदित्य शर्मा और आलोक शर्मा के घरों के ताले तोड़कर वारदात को अंजाम दिया। दोनों सगे भाई हैं। आलोक शर्मा हैदराबाद में टीचर के पद पर कार्यरत हैं और उनकी पत्नी व बेटी दिल्ली गई हुई थीं। छोटे भाई आदित्य शर्मा शहर के एक स्कूल में लाइब्रेरियन हैं। चोरों ने दोनों घरों से सोने-चांदी के जेवर, नगदी और कीमती सामान मिलाकर लाखों का माल साफ कर दिया।

चौंकाने वाली बात यह रही कि चोरी के बाद चोर इतने निश्चिंत थे कि उन्होंने फ्रिज से लड्डू और मठरी निकाली और फर्श पर बैठकर आराम से खाई, जैसे उन्हें पता हो कि घरवाले जल्द नहीं लौटेंगे। वारदात का खुलासा तब हुआ जब परिजन दोपहर में घर पहुंचे। अंदर बिखरे सामान और टूटे ताले देखकर सभी के होश उड़ गए। परिवार के लोग रो-रोकर बेहाल हो उठे।

वसुंधरा एंक्लेव को हाई-सेक्योरिटी जोन माना जाता है, लेकिन इसके बावजूद लगातार घटनाएं सुरक्षा प्रणाली की खामियों पर सवाल खड़ा कर रही हैं। इससे पहले भी कॉलोनी में रहने वाले एक जज के घर चोरी की बड़ी वारदात हुई थी, जिसके बाद सुरक्षा बढ़ाने की बात कही गई थी, लेकिन ताजा घटना ने फिर व्यवस्थाओं की कमजोरी उजागर कर दी है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

## अतिक्रमण ने बिगाड़ा यातायात



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** किला गेट और जामा मस्जिद चौराहे पर पुलिस व्यवस्था होने के बाद भी दुकानदार सड़क पर फर्नीचर बनाते हैं, जिससे जाम की स्थिति बन जाती है। मेंडू गेट पुलिस चौकी चौराहा से चामड़ गेट पुलिस चौकी चौराहा तक सड़क के दोनों ओर बढ़ते अतिक्रमण ने मार्ग को काफी संकरा कर दिया है। इस कारण राहगीरों और वाहन चालकों को रोजाना परेशानी झेलनी पड़ रही है। एफसीआई गोदाम तक पहुंचने वाले ट्रकों की लगातार आवाजाही से स्थिति और गंभीर हो जाती है। क्षेत्र में स्थित रामचंद्र कन्या इंटर कॉलेज, सुरजोबाई बालिका इंटर कॉलेज और प्राथमिक विद्यालय लाल डिग्गी के छात्रों को भी अतिक्रमण और जाम के कारण कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। स्कूल समय पर सड़क पार करना बच्चों के लिए चुनौती बन गया है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, दो पुलिस चौकियां होने के बाद भी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। कई बार शिकायतों के बावजूद कार्रवाई न होने से लोगों में आक्रोश है। यातायात माह के दौरान भी पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा इस सड़क पर जाम और अतिक्रमण की समस्या को नजरअंदाज किया जा रहा है। लोग उम्मीद जताते हैं कि जल्द ही अतिक्रमण हटाकर यातायात सुचारू किया जाएगा।

## समस्त उपभोक्ता बिजली बिल राहत योजना 2025-26 में ज्यादा से ज्यादा पंजीकरण कराकर अधिक से अधिक सरचार्ज में छूट का लाभ उठायें

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज।** अधिशासी अभियन्ता पीयूष कुमार ने अवगत कराया है कि दिनांक 01.12.2025 से 28.02.2026 तक बिजली बिल राहत योजना 2025.26 के अन्तर्गत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के एल.एम.वी..01 यघरेलू द्व 02 किलोवॉट तक एवं एल.एम.वी..2 यवाणिज्यिकद्व 01 किलोवॉट तक श्रेणी के विद्युत उपभोक्ताओं के लिये एक मुश्त समाधान योजना लागू की जा रही है। जिसमें लॉन्ग अनपेड उपभोक्ता जिसने 31.03.2025 के उपरान्त भुगतान नहीं किया एवं नैवर पेड उपभोक्ता जिसने कभी भी विद्युत बिल का भुगतान न किया हो और जिसकी संयोजन तिथि 31.03.2025 से पहले की हो ऐसे उपभोक्ता दिनांक 01.12.2025 से दिनांक 28.02.2026 तक विद्युत बिल की धनराशि जमा कराकर मूलधन पर अर्जित सरचार्ज का लाभ ले सकते हैं। विद्युत वितरण खण्ड, सोरों, कासगंज के अन्तर्गत कुल 63047 उपभोक्ताओं पर बिजली बिल धनराशि रू0 120 करोड़ बकाया है इसमें अधिकांश उपभोक्ता ऐसे हैं जिन्होंने संयोजन लेने के उपरान्त विद्युत बिल जमा नहीं किया है पंजीकरण कराकर धनराशि जमा करने पर रू. 38.34 करोड़ का ब्याज माफ होगा साथ ही विद्युत चोरी के प्रकरणों में राजस्व निर्धारण जमा कराने पर 40 से 50 प्रतिशत तक की छूट का लाभ उठायें।

## पिछड़े वर्ग के बेरोजगारों के लिये ओ लेबल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण की सुविधा

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज।** पिछड़े वर्ग के बेरोजगारों के लिये ओ लेबल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण की सुविधा विभाग द्वारा दी जा रही है। इच्छुक अभ्यर्थी 01 दिसम्बर 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अधिकतम 35 वर्ष आयु तक के इण्टर मीडिएट उत्तीर्ण जनपद कासगंज के मूल निवासी युवा, युवतियां नि:शुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिये पिछड़ा वर्ग कल्याण उ0प्र0 लखनऊ की वेबसाइड पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन की हार्डकापी शैक्षिक व अन्य प्रमाणपत्रों सहित विकास भवन स्थित पिछड़ा वर्ग कार्यालय में 01 दिसम्बर 2025 तक जमा कर दें।

## ऑटो-पिकअप की भिड़ंत में हुई तीसरी मौत

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज/अमांपुर।** अमांपुर-सहावर मार्ग पर गांव बनूपुरा के पास शुक्रवार की दोपहर ऑटो व पिकअप में आमने.सामने से भिड़त हो गई। इस हादसे में एक छात्रा दीप्ति 17 वर्ष पुत्री जयप्रकाश निवासी गांव नगला मनफूल और महिला शांति देवी 32 वर्ष पत्नी राहुल निवासी गांव मुख्तयाल की मौत हो गई। वहीं छात्रा की बहन दीक्षा 18 वर्षए बुआ निशा 22 वर्षए ममता 38 वर्ष और सहेली सलोनी 17 वर्ष समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। जिला अस्पताल से घायलों की हालत को गंभीर देखते हुए उन्हें अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। छात्राएं अमांपुर कोचिंग से घर लौट रही थी। वहीं सड़क हादसे में घायल हुई सहेली सलोनी 17 वर्ष पुत्री चन्द्रशेखर निवासी गांव सरसई नरू की अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान शनिवार की सुबह मौत हो गई। छात्रा की मौत की खबर मिलते ही परिवार मे चीख.पुकार मच गई। परिजनों का रो.रो कर बुरा हाल है। मृतक सलोनी अमांपुर कस्बे के मक्खन लाल इंटर कॉलेज में कक्षा 11 की छात्रा थी। शुक्रवार को वह अमांपुर कंम्पयूटर कोचिंग पढ़ने के लिए आई थी। दोपहर के 1:45 बजे ऑटो में सवार होकर अपने गांव लौट रही थी। सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत की सूचना पर अमांपुर विधायक हरिओम वर्मा गांव पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

## सहावर में वक्फ उम्मीद पोर्टल पंजीकरण के लिए बैठक का हुआ आयोजन

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**कासगंज/सहावर।** केन्द्र सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय द्वारा देशभर की वक्फ संपत्तियों को वक्फ उम्मीद पोर्टल पर दर्ज कराने के लिए निर्देश दिया है।

केन्द्र सरकार के आदेश पर वक्फ की संपत्तियों का राजस्ट्रेशन जारी है। कस्बा सहावर में अध्यक्ष नगर पंचायत नाशी खान की सदारत में वक्फ उम्मीद पोर्टल पंजीकरण हेतु बैठक का आयोजन किया गया। वक्फ उम्मीद पोर्टल पंजीकरण बैठक की मुख्य अतिथि हर्षिता देवड़ा जिला अल्पसंख्यक अधिकारी के सूचना अनुसार सभी मुतवल्लियों को रजिस्टेशन के दौरान दफा 37 के दस्तावेजो की आवश्यकता हो तो वह अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय से संपर्क करें और यह भी कहा कि अल्पसंख्यक कार्यालय में हेल्पडेस्क का आयोजन भी किया जाएगा। नगर पंचायत अध्यक्ष नाशी खान ने सभी कस्बे के आए हुए मस्जिद के इमामए मुतवल्लीयों से अनुरोध है कि आप लोग अपने.अपने रिकॉर्ड इक्कठे कर वक्फ बोर्ड में उम्मीद पोर्टल पर मस्जिद, मदरसे, कब्रिस्तान को जल्द से जल्द अपलोड करवा दें अगर किसी भी कोई समस्या आ रही है उसके लिए मैं आपके साथ तैयार हूं हर संभव मदद करूंगी।उम्मीद पोर्टल पंजीकरण के कॉर्डिनेटर हाफिज इकराम अहमद व हाफिज मोहम्मद अशरफ ने अपील की है कि वक्फ सत्तियों के प्रबंधक जल्द से जल्द पोर्टल पर दर्ज करवाएँ, संपत्तियों को दर्ज कराने की आखिरी तारीख 05 दिसंबर है।

अन्यथा कोई भी समस्या आने पर अल्पसंख्यक कार्यालय तथा कॉर्डिनेटर से संपर्क करें द्य इस मौके पर मौलाना तस्लीम अहमदएमौलाना रिजवान अहमद, पीरजी ज्याउल हसनए रिफाकत अली, फरीद अहमद, अकरम खान,फैसल खान, फखरे आलम, इस्लाम नबी आदि मौजूद रहे।

## गंजडुंडवारा में दर्दनाक हादसा, डंपर द्वार से टकराया चालक की मौत

### गांव सिसौरा निवासी पांच बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**कासगंज/ गंजडुंडवारा।** गंजडुंडवारा थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाला हादसा हो गया। कादरचैक थाना क्षेत्र के गांव सिसौरा निवासी जगवीर पुत्र मदनलाल जो गंजडुंडवारा क्षेत्र के एक भट्टे पर डंपर चालक था, ड्यूटी पर जाते समय सड़क हादसे में जान गंवा बैठा। शनिवार सुबह करीब 6 बजे जगवीर डंपर लेकर सिढ़पुराद्दगंजडुंडवारा मार्ग पर भट्टे की ओर जा रहा था। सिढ़पुरा से करीब दो किलोमीटर पहले सामने से आ रही रोडवेज बस को बचाने के दौरान डंपर सड़क किनारे बने एक द्वार से टकरा गया। तेज आवाज के साथ द्वार गिर पड़ा और डंपर का केबिन दब गयाए जिसमें चालक बुरी तरह फंस गया।

सूचना मिलते ही गंजडुंडवारा पुलिस मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद जगवीर को केबिन से बाहर निकाला। उसे तत्काल गंजडुंडवारा सरकारी अस्पताल ले जाया गयाए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के भाई अर्जुन ने बताया कि जगवीर अपने पीछे रोने.बिलखने वाला परिवार छोड़ गया है। उसके पांच छोटे बच्चे भारती 8 वर्ष आरती 6 वर्ष सचित 4 वर्ष हरीश 3 वर्ष काव्य 1 वर्ष पत्नी अनीता और मां सुनीता देवी का रो.रोकर बुरा हाल है। परिजनों के अनुसार जगवीर ही घर का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था। अचानक हुए इस हादसे ने पूरे परिवार को तोड़कर रख दिया है।

## बंधन योजना के तहत बावुलनाथ मंदिर परिसर में विकसित सुविधाओं का लोकार्पण

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**हाथरस।** नगर पालिका परिषद द्वारा वार्ड नंबर 8 स्थित बावुलनाथ मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में बंधन योजना के अंतर्गत कराए गए विकास कार्यों का लोकार्पण नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता चौधरी ने फीता काटकर किया।कार्यक्रम में पूर्व सांसद राजेश कुमार दिवाकर भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित भी रहे। योजना के अंतर्गत मंदिर क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कार्य पूरे किए गए हैं। बावुलनाथ मंदिरझ्रजोगिया रोड पर 75झ्र90 वाट क्षमता वाली आधुनिक स्ट्रीट लाइटें 7 मीटर ऊंचे जीआई ऑक्टागोनल पोलों पर स्थापित की गईं, जिससे रात्रिकालीन प्रकाश व्यवस्था मजबूत हुई है। मंदिर प्रांगण में 12.5 मीटर ऊंचे हाई मास्ट पोल पर 140झ्र150 वाट की फ्लड लाइट लगाई गई, जिसने पूरे परिसर को भव्य रूप से प्रकाशमान कर दिया है।श्रद्धालुओं और स्थानीय निवासियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 150 जी/घंटा क्षमता वाला आरओ प्लांट चिलर सहित लगाया गया है, जिससे शुद्ध और ठंडे पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हुई है। इसके अलावा, परिसर में जल आपूर्ति सुचारू रखने के लिए 2 एचपी की सबमर्सिबल मोटर पंप भी स्थापित की गई है। इन सभी कार्यों पर लगभग 30 लाख रुपये की लागत आई है, जिसे नगर पालिका परिषद ने वहन किया है।उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता चौधरी ने कहा कि नगर के धार्मिक स्थलों व सार्वजनिक स्थानों पर सुविधाओं का विकास नगर पालिका की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। वहीं पूर्व सांसद राजेश दिवाकर ने इन कार्यों को जनहित में अत्यंत उपयोगी बताते हुए अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। उपस्थित नागरिकों ने इन कार्यों को उपयोगी बताया और नगर पालिका द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में सभासद, अधिकारी, कर्मचारी और स्थानीय वरिष्ठजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## डीएम ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत पोलिंग बूथ संख्या 237 प्राथमिक विद्यालय जहॉगीरपुर का किया औचक निरीक्षण

### बीएलओ उमा राजपूत द्वारा अच्छा कार्य करने पर जिलाधिकारी ने उनके कार्य की सराहना की

मोर्निंग सिटी संवाददाता



कासगंज। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी प्रणय सिंह ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत पोलिंग बूथ संख्या 237 प्राथमिक विद्यालय जहॉगीरपुर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके नायब तहसीलदार बलवंत उपाध्याय भी मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय में उपस्थित बीएलओ से घर.घर जाकर किए जा रहे गणना प्रपत्र वितरण की जानकारी ली और अभियान को प्रभावी रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कक्षाओं में जाकर बच्चों की पढ़ाई लिखाई के सम्बंध में जानकारी ली मध्यान्ह भोजनए रसोई एवं भोजन की गुणवत्ता तथा बच्चों की अन्य शैक्षिक गतिविधियों के बारे में पूंछताछ की। प्राथमिक विद्यालय में खाना मेन्यू के अनुसार पाया गया विद्यालय में समस्त व्यवस्थायें संतोषजनक मिलीं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि विद्यालय में शिक्षण व्यवस्था में और सुधार लाकर शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाया जाये तथा शैक्षिक वातावरण को और भी बेहतर बनाने के लिये प्रयास किये जायें। बच्चों का पठन पाठन रूचिपूर्ण ढंग से किया जाये। विद्यालय में 5 लोगों का स्टाफ था मौके पर सभी मौजूद पाये गये तथा विद्यालय में साफ सफाईए पेयजल, शौचालय एवं बच्चों के लिये अन्य समस्त व्यवस्थाओं पर पूरा ध्यान दिया जाये। जिलाधिकारी ने उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र मतदाता तक गणना प्रपत्र अवश्य पहुंचे ताकि कोई भी व्यक्ति मतदाता सूची से वंचित न रह जाए। जिलाधिकारी ने बताया कि इस विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को सटीकए त्रुटिरहित और अद्यतन बनाना हैए जिससे कोई भी पात्र मतदाता छूटे नहीं और कोई अपात्र व्यक्ति सूची में शामिल न रह जाए। उन्होंने कहा कि यह अभियान लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बीएलओ को निर्देश दिए कि सभी गणना प्रपत्र शीघ्र वितरित कराएं और मतदाताओं को प्रपत्र भरने की प्रक्रिया के बारे में समुचित जानकारी दें।

## मथुरा-बरेली मार्ग पर हुआ दर्दनाक सड़क हादसा, अज्ञात वाहन की टक्कर से गई 26 वर्षीय बाइक सवार युवक की जान

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**कासगंज।** जनपद कासगंज में मथुरा-बरेली मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौके पर मौत हो गई।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर जा पहुँची जहां एक युवक को किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी थी। टक्कर लगने के बाद युवक सड़क पर गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा। पुलिस ने बिना देर किए युवक को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोरों भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच के दौरान मृतक की पहचान शुभम उम्र लगभग 26 वर्ष पुत्र नवनीत आनंद जाति नाई निवासी आवास विकास कॉलोनी थाना कासगंज के रूप में हुई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, शुभम उझानी से अपने घर आवास विकास कॉलोनी लौट रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार से आए किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी और चालक मौके से फरार हो गया।

## तेज रफ्तार चारपहिया वाहन ने बाइक में मारी टक्कर, मां.बेटा घायल, महिला अलीगढ़ रेफर

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**कासगंज।** ढोलना थाना क्षेत्र के अन्तर्गत एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। गांव इसेपुर निवासी हरिदेवी पत्नी हंसराज और उनका बेटा अमित बाइक से कुटेना किसी काम से जा रहे थे।

जैसे ही दोनों सिरौली गांव स्थित पेट्रोल पंप के सामने पहुँचे, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार चारपहिया वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद चारपहिया वाहन चालक गाड़ी सहित मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने तत्काल दोनों घायलों को जिला अस्पताल कासगंज पहुंचाया। डॉक्टरों के अनुसार अमित की हालत सामान्य है और उसमें सुधार बताया जा रहा हैए जबकि हरिदेवी की स्थिति गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल से अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। पुलिस वाहन और चालक की तलाश में जुटी है।

## सोरों से कासगंज तक साइकिल चलाकर पहुंचे सपा नगर अध्यक्ष विजेता पहलवान को देंगे नई साइकिल

### मुलायम सिंह यादव जयंती पर कासगंज में भव्य दंगल का आयोजन

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**कासगंज।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की जयंती के अवसर पर कासगंज के बारह पत्थर मैदान में विशाल दंगल का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन को खास बनाने के लिए तीर्थ नगरी सोरों समाजवादी नगर अध्यक्ष अभय राज मिश्रा ने प्रेरणादायक पहल की है।

अभय राज मिश्रा नई साइकिल खरीदकर सोरों से कासगंज तक साइकिल से यात्रा करते हुए कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे। दंगल में विजयी होने वाले पहलवान को वे अपनी यह नई साइकिल इनाम के तौर पर भेंट करेंगे। समाजवादी कार्यकर्ता का यह जजबा और समर्पण क्षेत्र में मिसाल बना हुआ है। अभय राज मिश्रा ने कहा नेताजी मुलायम सिंह यादव के संघर्ष और सादगी से हमें हमेशा प्रेरणा मिलती है। उनकी जयंती पर खेल और युवा ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए मैंने यह कदम उठाया है। दंगल में जीतने वाले पहलवान को यह साइकिल भेंट कर सम्मानित करना मेरे लिए गर्व की बात होगी। समाजवादी विचारधारा सिर्फ राजनीति नहीं, बल्कि समाज की ऊर्जा बढ़ाने का संकल्प है।

## नगला सूखा में दो पक्षों में संघर्ष, एक घायल

### परिजनों ने लगाया गोली मारने का आरोप, पुलिस बल तैनात

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**कासगंज।** सोरों कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला सूखा में दो पक्षों के बीच पुराने विवाद को लेकर संघर्ष हो गया। घटना में अजय पुत्र राधेश्याम घायल हो गया, परिजनों द्वारा सोरों सीएससी में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने उपचार के बाद जिला अस्पताल कासगंज रेफर कर दिया जिला अस्पताल से चिकित्सकों द्वारा गहन चिकित्सा के बाद अलीगढ़ रेफर कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, अजय ने आरोप लगाया है कि विपक्षी पक्ष के सुमित ने उसके सिर के ऊपर से गोली चलाईए जिससे वह घायल हुआ। हालांकि जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने गोली लगने की आशंका को संदिग्ध बताया है। वहीं दूसरे पक्ष के सुमित को परिजनों ने पकड़ लिया जिसके पैर में भी चोटें पाई गई हैं जिला अस्पताल से चिकित्सकों द्वारा गहन चिकित्सा के बाद सुमित को अलीगढ़ रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों के बीच यह विवाद नया नहीं है। लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व अजय के पिता राधेश्याम का पैर टूटने का मामला भी इसी विपक्षी पक्ष से जुड़ा है, जिसके संबंध में थाना सोरों में मुकदमा दर्ज है। इसके अलावा 22 अक्टूबर 2025 को दोनों पक्षों के विरुद्ध थाना सोरों क्षेत्र में 126/135 बीएनएस के तहत कार्रवाई भी की जा चुकी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंच गया । पुलिस के अनुसार, पूरे प्रकरण की गहराई से जांच जारी है और वर्तमान में कानून व्यवस्था पूरी तरह सामान्य है।

# अलीगढ़ में आखिर कब होगी भूमाफियाओं के घरों पर बुलडोजर की कार्रवाई

## मोहम्मद साहब ने कराया ऊसर भूमि का बैनामा, शिकायत के बाद साहब ने दे दी क्लीन चिट

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**अलीगढ़।** जनपद अलीगढ़ में चारागाह ग्राम समाज सरकारी पोखर और ऊसर भूमियों पर कब्जे रुकने का नाम नहीं ले रहे। कब्जे तो कब्जे यहां तो कोल तहसील में ऊसर भूमि का ही बैनामा प्रसिद्ध ट्रैवल्स के मालिक साहब ने करवा लिया । जबकि मालिक साहब के पेट्रोल पंप के पीछे वाली जगह ग्राम समाज की ऊसर भूमि में दर्ज है, जिसका बैनामा वर्ष 2009 में ट्रैवल्स के मालिक साहब ने करवा लिया। इस मामले की शिकायत जब शिकायतकर्ता ने डीएम साहब से की तो तहसीलदार साहब ने न जाने कौन सी जांच कर डाली ।

जिसमें ना तो ऊसर वाली भूमि का बैनामा होना बताया और ना ही उस पर कोई कब्जा बताया । उल्टा शिकायतकर्ता की शिकायत को निराधार बताकर और अपनी गलत रिपोर्ट लगाकर शिकायत को निस्तारित करने के लिए अग्रेषित कर दिया। उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ के द्वारा लगातार भू माफियाओ के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जा रही है।

जैसा कि लगातार देखने को मिल रहा है। वहीं दूसरी ओर स्वयं सरकारी मुलाजिमों के द्वारा जनपद अलीगढ़ में भूमाफियाओं का खुल्लम-खुल्ला साथ दिया जा रहा है । शिकायतकताओं के द्वारा दबे हुए शब्दों में बताया जाता है कि कार्रवाई के नाम पर खुलेआम मुलाजिमों के द्वारा पैसे की मांग की जाती है और तो और पैसे देने के बाद भी उस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की जाती है।

क्योंकि माफिया के द्वारा दी गई गड्डियों का वजन ज्यादा होता है। वर्ष 2009 में किए गए ऊसर भूमि के बैनामे को जनपद की कोल तहसील के ही तहसीलदार साहब ने ना होना बताया है । जो कि लगाई गई आख्या में साफ-साफ दिखाई पड़ रहा है। यह कृत्य सीधा-सीधा भूमाफियाओं का मनोबल बढ़ाता हुआ नजर आ रहा है। जिसके लिए ऐसे मुलाजिमों पर कठोर कार्रवाई करने के लिए योगी आदित्यनाथ जी को विचार करने की अत्यधिक आवश्यकाा है।

# प्रशासन के चंगुल से बचने के लिए आर्य हॉस्पिटल संचालक ने की प्रेस वार्ता

## बिना स्वास्थ्य विभाग के पंजीकरण और सुविधाओं के संचालित हो रहा था आर्य हॉस्पिटल

## 17 नवंबर को 10 वर्ष के बच्चे की हुई थी लापरवाही के दौरान मौत

मोर्निंग सिटी संवाददाता



अलीगढ़। जनपद अलीगढ़ में स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही लगातार देखने को मिल रही है । जिसके चलते अनगिनत फर्जी हॉस्पिटल में नौनिहालों और लोगों की जान जाती रहती है।लेकिन इन फर्जी अस्पताल और उनके संचालकों के विरुद्ध नाम मात्र की भी कार्रवाई देखने को नहीं मिलती है। इसका सीधा-सीधा कारण स्वास्थ्य विभाग के द्वारा की जा रही ढीला ढाली रहती है।

क्योंकि स्वयं स्वास्थ्य विभाग में ही तमाम भ्रष्टाचार व्याप्त है। जिसकी लगातार शिकायत अलीगढ़ के सभी विधायकों के द्वारा की जा रही हैं। उसके बाद भी कुछ समय पहले ही एक संबंधित बाबू के विरुद्ध जांच में कार्रवाई की संस्तुति की गई है । बात करें फर्जी हॉस्पिटलों की तो जनपद में कदम-कदम पर परचून की दुकान की तरह आए दिन नए-नए हॉस्पिटल खुल रहे हैं, और मजे की बात यह है कि इन हॉस्पिटलों की जगह आए दिन बदलती रहती है। जब किसी अस्पताल में किसी मरीज के साथ कोई हादसा हो जाता है तो उसके तुरंत बाद उस जगह से हॉस्पिटल को स्थानांतरित कर दिया जाता है। इसी प्रकार का एक मामला 17 नवंबर को थाना बन्ना देवी क्षेत्र के बरौला बाईपास से सामने आया, जहां पर बिना आरएमई रजिस्ट्रेशन के संचालित हो रहे आर्य हॉस्पिटल में एक 10 साल के बच्चों की मौत हो गई। बच्चे की मौत होने के बाद परिवारजनों का गुस्सा अस्पताल पर निकला । अस्पताल संचालक से लेकर पूरा स्टाफ मौके से भाग गए। इसके बाद बच्चे के पिता के द्वारा थाना बन्नादेवी में लिखित तहरीर दी गई है । पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई से बचने के लिए आर्य हॉस्पिटल संचालक के द्वारा एक प्रेस वार्ता का ही आयोजन कर दिया गया। जिसमें स्वयं को निर्दोष बताते हुए उल्टा मृतक बच्चे के परिवार जनों पर पैसे लेकर फैसला करने का आरोप लगा डाला। अस्पताल के संचालक ने स्वयं बताया कि एमएसएमई का रजिस्ट्रेशन लेकर उनके द्वारा हॉस्पिटल का संचालन किया जा रहा है , जो कि बिल्कुल गैरकानूनी है इससे पहले भी इन्हीं संचालक का सारसौल पर गगन हॉस्पिटल का एक मामला लॉकडाउन में आया था, जिसमें नाबालिग कंपाउंडर इंजेक्शन लगाते हुए नजर आए थे।

# शहर विधायक ने किया विधायक खेल स्पर्धा का किया शुभारंभ

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**अलीगढ़।** विधायक शहर मुक्ता संजीव राजा ने युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के तत्वावधान में मल्टीपरपज हॉल स्टेडियम अलहदादपुर आयोजित विधानसभा शहर की विधायक खेल स्पर्धा का शुभारंभ फीता काट कर किया। प्रतियोगिता में खंड विकास अधिकारी धनीपुर सुरेश चंद्र गुप्ता, जिला युवा कल्याण अधिकारी जयपाल सिंह सागर, जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता युवा मोर्चा अर्जुन सिंह भोलू ने उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी लोधा राजदीप चौधरी एवं धनीपुर कपिल शर्मा ने बताया की सब जूनियर, जूनियर, सीनियर वर्ग में एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, कुश्ती कबड्डी वालीबाल बैडमिंटन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। एथलेटिक्स सब जूनियर पुरुष वर्ग में 100 मीटर दौड़ में अनिल कुमार, 800 मीटर दौड़ में अनिल, लॉग जंप में यशु, सब जूनियर बालिका 100 मीटर दौड़ में निशा कुमारी, 800 मीटर दौड़ में महक यादव, जूनियर पुरुष वर्ग 100 मीटर दौड़ में विकास कुमार, 400 मीटर दौड़ में विशाल कुमार, 1500 मीटर दौड़ में विशाल, जूनियर महिला वर्ग 100 मीटर दौड़ में जानवी, 200 मीटर दौड़ में निशा कुमारी, 400 मीटर दौड़ में पायल शर्मा, सीनियर वर्ग में पुरुष 100 मीटर दौड़ में देवेंद्र पाल, 200 मीटर दौड़ में सचिन कुमार, 400 मीटर दौड़ में लोकेश कुमार, सीनियर वर्ग में महिला 100 मीटर दौड़ में भावना कुमारी, 200 मीटर दौड़ में कुमारी सोनिया, वॉलीबॉल सब जूनियर पुरुष वर्ग में डीएस कॉलेज, वॉलीबॉल जूनियर वर्ग पुरुष टीम ध्रुव कुमार, वॉलीबॉल सीनियर पुरुष वर्ग टीम निशांत कौशिक, वॉलीबॉल में जूनियर वर्ग में महिला डीएस कॉलेज टीम वर्षा कुमारी, सीनियर वर्ग में महिला डीएस कॉलेज टीम नाफिया विजेता रहे। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में अनिल कुमार, प्रदीप शर्मा, अनिल श्रीवास्तव, दीपक यादव, विनोद कुमार, बबलू सिंह, श्रीमती नीतू सिंह, अजय कुमार उपस्थित रहे। क्षेत्रीय युवा अधिकारी धनीपुर कपिल शर्मा ने बताया कि विधायक खेल स्पर्धा के विजेता खिलाड़ी सांसद खेल स्पर्धा अलीगढ़ में प्रतिभाग करेंगे।

# विपक्ष संवैधानिक संस्थाओं पर हमला कर रहा है : प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह

मोर्निंग सिटी संवाददाता



कानपुर देहात,22नवम्बर 2025 भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने रविवार को रनिया स्थित सेगर रिसोर्ट में भाजपा जिला अध्यक्ष रेणुका सचान की पुत्री के विवाह समारोह में शिरकत की और परिजनों को शुभकामनाएँ दीं। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने विपक्ष पर संवैधानिक संस्थाओं पर हमला करने का आरोप लगाया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 25 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सनातन का ध्वज फहराया जाएगा, जो 500 वर्षों के संघर्ष का परिणाम है और देश के लिए ऐतिहासिक क्षण है। उन्होंने इसे "गौरव और सांस्कृतिक स्वाभिमान का पल" बताया। भूपेंद्र सिंह ने कहा कि बिहार में कांग्रेस और आरजेडी ने विशेष पुनरीक्षण (रक्क) का विरोध किया था, मगर अंतिम मतदाता सूची जारी होने के बाद ये दल "एक भी नाम का सबूत नहीं दे पाए"। उन्होंने दावा किया कि पात्र मतदाताओं के जोड़ने और अपात्र नाम हटाने से विपक्ष घबराया हुआ है। उन्होंने अखिलेश यादव पर हमला बोलते हुए कहा, अखिलेश को लोकतंत्र पर भरोसा नहीं रह गया। कभी चुनाव आयोग पर सवाल, कभी एशट पर आरोप, कभी रक्कका विरोध करते हैं। घुसपैठियों पर कार्रवाई होगी और अपात्र वोट हटाए जाएंगे। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 2027 के चुनाव में भाजपा प्रदेश में प्रचंड बहुमत से सरकार बनाएगी। उन्होंने दावा किया कि सपा सरकार के कार्यकाल में "गुंडाराज, भ्रष्टाचार और नौकरियों में अनियमितताएँ" थीं, जिसकी जनता फिर पुनरावृत्ति नहीं चाहती। भूपेंद्र सिंह ने ममता बनर्जी और अखिलेश यादव पर भी निशाना साधते हुए कहा कि अपात्र मतदाताओं के हटने से विपक्ष "बौखलाया है" और ह्लकई जगहों पर नकली वोट हटने से घबराहट फैल रही है। कार्यक्रम में क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, विधायक अभिजीत सिंह सांगा, अनूप अवस्थी, डॉ. सतीश शुक्ला, शिवराम सिंह, उपेंद्र पासवान, जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण, विवेक द्विवेदी सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# गणना प्रपत्र जमा करते समय किसी भी पहचान पत्र को जमा करना जरूरी नहीं- जिला निर्वाचन अधिकारी

मोर्निंग सिटी संवाददाता



अलीगढ़। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन ने जिले के सभी मतदाताओं से आग्रह किया है कि 04 दिसंबर तक बीएलओ से प्राप्त हुए गणना प्रपत्रों को शुद्धरूप से भरकर बीएलओ को अवश्य वापस कर दें। उन्होंने स्पष्ट किया कि गणना प्रपत्र जमा करते समय किसी भी मतदाता द्वारा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित पहचान पत्र को जमा करने की आवश्यकता नहीं है। प्राप्त गणना प्रपत्रों के आधार पर 09 दिसंबर को ड्राफ्ट मतदाता सूची प्रकाशित की जायेगी। 04 दिसंबर तक जिन मतदाताओं द्वारा गणना प्रपत्र जमा नहीं किया गया है उन मतदाताओं के साथ-साथ अनुपस्थित, विस्थापित एवं मृत मतदाताओं को ड्राफ्ट पब्लिकेशन की तिथि 09 दिसंबर के पश्चात निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के द्वारा नोटिस निर्गत किये जायेंगे। इस नोटिस के जवाब में मतदाता द्वारा अपने जवाब के साथ-साथ भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्देशित 13 पहचान पत्रों में से किसी एक को साक्ष्य के रूप में जमा किया जा सकेगा। मतदाता द्वारा जमा किये गये साक्ष्य की जॉच बीएलओ द्वारा की जायेगी। तत्पश्चात मतदाता सूची में नाम सम्मिलित किये जाने एवं न किये जाने के सम्बंध में निर्णय लिया जायेगा।

केंद्र या राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के नियमित कर्मचारी और पेंशन भोगी को जारी किया गया कोई भी पहचान पत्र/पेंशन भुगतान आदेश। 01 जुलाई 1987 से पहले सरकार/स्थानीय प्राधिकरणों/बैंको/डाकघर/एल०आई०सी०/ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा भारत में जारी किया गया कोई भी पहचान पत्र/प्रमाण पत्र/अभिलेख। सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र। पासपोर्ट। मान्यता प्राप्त बोर्ड, विश्वविद्यालयों द्वारा जारी मैट्रिकुलेशन शैक्षणिक प्रमाण पत्र। सक्षम राज्य प्राधिकारी द्वारा जारी स्थानीय निवास प्रमाण पत्र। वन अधिकार प्रमाण पत्र। सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी ओबीसी, एससी, एसटी या कोई भी जाति प्रमाण पत्र। राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (जहाँ भी हो)। राज्य या स्थानीय प्राधिकारियों द्वारा तैयार किया गया परिवार रजिस्टर। सरकार द्वारा जारी कोई भी भूमि या मकान आवंटन प्रमाण पत्र। आधार के लिए आयोग के पत्र संख्या 23/2025-ई०आर०एस०/ खण्ड ।। दिनांक 09.09.2025 (अनुलग्नक ।।) द्वारा जारी निर्देश लागू होंगे। उत्तर प्रदेश मतदाता सूची का अंश। (01.07.2025 की संदर्भ तिथि के अनुसार)

# स्कूली बच्चे कर रहे एसआईआर फॉर्म भरने में मदद



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**अलीगढ़।** जिला प्रशासन ने साफ किया है कि मतदाता 4 दिसंबर तक बीएलओ से प्राप्त हुए फार्म को भरकर उसे वापस कर दें। वापस करते समय किसी भी पहचान पत्र को जमा करने की जरूरत नहीं है।

मतदाता पुनरीक्षण अभियान में मतदाताओं को फार्म भरने में आ रही समस्या का समाधान बीएलओ नहीं बल्कि स्कूली बच्चे कर रहे हैं। यह बच्चे मोबाइल की सहायता से फार्म भरने में मतदाताओं की मदद कर रहे हैं।भुजपुरा के नगला आशिक अली में वार्ड संख्या 47 में ऐसा ही नजारा देखने को मिला। यहां के पार्षद का कहना है कि आधिकांश लोगों का बीएलओ से संपर्क नहीं हो पा रहा है। बड़ी संख्या में लोगों तक फार्म नहीं पहुंचे हैं।जिला प्रशासन ने साफ किया है कि मतदाता 4 दिसंबर तक बीएलओ से प्राप्त हुए फार्म को भरकर उसे वापस कर दें। वापस करते समय किसी भी पहचान पत्र को जमा करने की जरूरत नहीं है। 9 दिसंबर को मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी।

वोटों की पर्ची नहीं मिल रही है, इसमें समस्या आ रही है। बीएलओ से कहा तो आज-कल करते हैं। बीएलओ का कोई अता-पता नहीं है। क्षेत्र के 40 फीसदी लोगों को अभी तक पर्ची नहीं मिली है। बीएलओ से मिलने के लिए मतदाता भागदौड़ कर रहे हैं। बड़ी संख्या में लोगों तक फॉर्म नहीं पहुंचे हैं। बीएलओ की शिकायतों की जांच कराई जाएगी। भ्रम फैलाने वाले बीएलओ के खिलाफ कार्रवाई होगी।

# नेक्टार 2025 सम्मेलन में एएमयू के नर्सिंग अधिकारियों ने प्रदर्शित की उत्कृष्ट क्षमता

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के कार्डियोवैस्कुलर एवं थोरेसिक सर्जरी (सीटीवीएस) आई.सी.यू. की नर्सिंग अधिकारी रिंकू चौधरी और रिनू पप्पाचन ने लखनऊ स्थित इरा मेडिकल कॉलेज में मेदांता अस्पताल के सहयोग से आयोजित राष्ट्रीय नर्सिंग आपात, क्रिटिकल केयर और ट्रॉमा अलाइड रिस्पॉन्डर सम्मेलन ह्यनेक्टार 2025ह्न में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने कार्डियो पल्मोनरी रीससिटेशन (सी.पी.आर.) और कोड ब्लू ड्रिल का प्रभावी प्रदर्शन किया, जिसमें जीवन-रक्षक स्थितियों में आवश्यक वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित त्वरित प्रतिक्रिया तकनीकों को दशार्या गया। उनकी सटीक, संयोजित और व्यवहारिक प्रस्तुति को प्रतिभागियों और संकाय सदस्यों द्वारा सराहा गया। यह प्रदर्शन संकट की ह्लगोल्डन मिनट्सह्व के दौरान कुशल नर्सिंग टीमों की महत्ता को मजबूत करता है। सीटीवीएस विभाग के आमिर खान और शुएब भी इस सम्मेलन में ने प्रतिनिधि के रूप में सम्मेलन में भाग लिया और शैक्षणिक सत्रों तथा व्यवहारिक कार्यशालाओं में सक्रिय सहभागिता की। सम्मेलन के विशेषज्ञ वक्ताओं ने उच्च गुणवत्ता वाले नियमित ड्रिल, अंतरविषयक सहयोग और संरचित मार्गदर्शन व्यवस्था की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि नर्सिंग नेतृत्व को और सशक्त बनाया जा सके। सम्मेलन के मुख्य अतिथि, अमित घोष (अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा) ने प्रतिभागियों की प्रतिबद्धता की सराहना की और कहा कि आपातकालीन सेवाओं को सिमुलेशन आधारित प्रशिक्षण, टीम संचार और कौशल वृद्धि के माध्यम से और मजबूत किया जाना चाहिए।

# जिलाधिकारी ने प्रगति पर जताई नाराजगी, 4 दिसंबर तक शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने के निर्देश

मोर्निंग सिटी संवाददाता






**कानपुर देहात, 21 नवंबर 2025।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (रक्कह्न2025) की धीमी प्रगति को लेकर जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कपिल सिंह ने कड़ी नाराजगी जताई है। देर शाम माँ मुक्तेश्वरी देवी सभागार में आयोजित जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में चारों विधानसभा क्षेत्रों—रसूलाबाद (205), अकबरपुर-रनिया (206), सिकंदरा (207) व भुगनिपुर (208)—में निर्वाचक नामावली अद्यतन कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने बताया कि 13,36,177 मतदाताओं के सापेक्ष उतनी ही संख्या में एत्र्ह्व प्रिंट किए गए थे, जिनमें से 13,36,070 प्रपत्रों का मतदान केंद्रों पर वितरण पूर्ण हो चुका है, जो 99.99% उपलब्धि है। अब मुख्य फोकस डिजिटाइजेशन पर है। वर्तमान में 59,800 प्रपत्र अपलोड किए जा चुके हैं, जो कुल प्रपत्रों के सापेक्ष 4.48% है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी एफ्ढ/अफ्ढ एवं इछड 4 दिसंबर तक शत-प्रतिशत लक्ष्य हर हाल में पूरा करें।

बैठक में जिलाधिकारी ने असहयोग और शिथिलता पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि उञ्ढ राजपुर, संदलपुर, रसूलाबाद सहित कुछ शिक्षक एवं कार्मिक निर्वाचन कार्यों में रुचि नहीं ले रहे हैं। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारियों को अपने-अपने कार्यालयों में नियंत्रण कक्ष स्थापित कर प्रत्येक तीन घंटे में प्रगति रिपोर्ट लेने तथा लापरवाही पर कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी अधिकारी/कर्मचारी का अवकाश तब तक स्वीकृत नहीं किया जाएगा जब तक पुनरीक्षण प्रक्रिया जारी है, और सभी को निर्वाचन कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखने होंगे। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि जिन मतदाताओं ने अभी तक आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए हैं, वे अपने इछड से संपर्क कर दस्तावेज समय से जमा करें ताकि नाम सही, अद्यतन और पूर्ण रूप से मतदाता सूची में दर्ज हो सके। बैठक में ADM प्रशासन अमित कुमार, ADM वित्त एवं राजस्व दुष्यंत मौर्य, अउट्ट न्यायिक दिग्विजय सिंह, जिला स्तरीय अधिकारी एवं विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहे, जबकि अन्य अधिकारी श्उ के माध्यम से जुड़े।

# पराली दो-खाद लो मॉडल लागू, पराली जलाने पर सख्त कार्रवाई—जिलाधिकारी

मोर्निंग सिटी संवाददाता



कानपुर देहात, 20 नवंबर 2025 जनपद में पराली जलाने की रोकथाम और ह्लपराली दोझखाद लोह्व अभियान को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए जिलाधिकारी कपिल सिंह की अध्यक्षता में आज माँ मुक्तेश्वरी देवी सभागार में जिला स्तरीय समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में एडीएम वित्त एवं राजस्व दुष्यंत कुमार मौर्य, अपर पुलिस अधीक्षक राजेश पाण्डेय, उपायुक्त एनआरएलएम, उपायुक्त मनरेगा, उप कृषि निदेशक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक की शुरूआत में जिलाधिकारी ने कठोर रुख अपनाते हुए कहा कि पराली जलाने की एक भी घटना जनपद में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और इस संबंध में किसान के साथ-साथ संबंधित क्षेत्रीय अधिकारी पर भी समान रूप से कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि पराली दो-खाद लो मॉडल पराली प्रबंधन का सर्वश्रेष्ठ विकल्प है जिसके माध्यम से किसान पराली जमा कर खाद प्राप्त कर सकते हैं, जिससे भूमि की उर्वरता बढ़ेगी और पराली जलाने की आवश्यकता समाप्त होगी।

# सरहदों की सुरक्षा के साथ खेलों में भारत को विश्व गुरु बनाना हमारा संकल्प -ब्रिगेडियर वरुण सिंह

## अनुशासन और जज्बा ही खेल को बनाते हैं बेहतर- ब्रिगेडियर संदीप चहल

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**अलीगढ़।** वर्ल्ड बॉक्सिंग कप के दौरान अलीगढ़ बॉक्सिंग के अध्यक्ष जर्नलिस्ट मनोज अलीगढ़ी ने कहा कि भारत को ओलंपिक 2028 में विश्व गुरु बनाने के लिए तिरंगा विश्व पटल पर लहराना हमारा लक्ष्य है।

कार्यक्रम में उपस्थित कमोडोर/ब्रिगेडियर वरुण सिंह (नेवी), शौर्य चक्र, सचिव झ्र सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड (ररउइ) ने कहा कि ह्लजल, थल और वायु सेना के खिलाड़ी भारत का गौरव हैं। हमारा लक्ष्य है कि ओलंपिक 2028 में भारत तिरंगा विश्व स्तर पर लहराए। भारतीय युवाओं को अंतरराष्ट्रीय मंच पर खेलने के बड़े अवसर मिल रहे हैं और सर्विसेज खिलाड़ियों को सर्वश्रेष्ठ ट्रेनिंग देना हमारा सतत प्रयास है। उन्होंने वर्ल्ड बॉक्सिंग कप में भारतीय खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए बताया कि भारत ने कुल 20 मेडल (9 गोल्ड सहित) जीतकर विश्व मंच पर अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराई है। उन्होंने कहा कि भारत के विभिन्न राज्यों में निरंतर प्रतिभाओं को तैयार किया जा रहा है, और लक्ष्य है कि दुनिया की सर्वश्रेष्ठ तकनीकें हमारे खिलाड़ियों तक पहुँचें। अनुशासन और जज्बा ही खेल को बनाते हैं बेहतर : ब्रिगेडियर संदीप चहल (शरट) आर्मी स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट के ब्रिगेडियर संदीप चहल (विशिष्ट सेवा पदक), ब्रिग स्पोर्ट्स ने मनोज अलीगढ़ी से बातचीत में कहा कि

ह्लअनुशासन, मेहनत और जज्बा—यही खेल की असली पहचान है। हमारे खिलाड़ी ओलंपिक विजन को पूरा करने के लिए निरंतर तैयारी कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि भारतीय फौजियों ने वर्ल्ड बॉक्सिंग कप में 5 गोल्ड, 3 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज मेडल हासिल किए हैं। 18 देशों की भागीदारी - भारत का ऐतिहासिक प्रदर्शन वर्ल्ड बॉक्सिंग कप में कुल 18 देशों ने हिस्सा लिया और सैकड़ों बाउट्स के बीच भारतीय मुक्केबाजों ने कुल 20 मेडल (9 गोल्ड) जीतकर देश का मान बढ़ाया। विशेष उपस्थितियाँ इस भव्य कार्यक्रम में अजय सिंह, अध्यक्ष प्रमोद कुमार, सेक्रेटरी जनरल बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया सोम प्रकाश शर्मा, मुकेश कुमार यादव जॉइंट सेक्रेटरी - यूपी बॉक्सिंग एसोसिएशन सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

# पुलिस कार्यप्रणाली पर सवाल, फाइनेंसरों पर मारपीट व लूट का आरोप, एसपी ने सीओ भोगनीपुर को जांच के दिये निर्देश

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**कानपुर देहात।** बरौर थाना क्षेत्र के सिथरा बुजुर्ग गांव निवासी मार्तन सिंह ने कथित फाइनेंसरों पर मारपीट, अपहरण और लूट का गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित का कहना है कि घटना के बावजूद थाना स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं की गई, जिसके चलते उन्हें उच्चाधिकारियों की शरण लेनी पड़ी।

शिकायतकर्ता के अनुसार कुछ फाइनेंसरों ने हाईकोर्ट के आदेशों की अवहेलना करते हुए बिना किसी कोर्ट नोटिस के जबरन उन्हें रोका और मारपीट कर अगवा कर लिया। आरोप है कि आरोपियों ने उन्हें जबरन जेसीबी यार्ड ले जाकर नकदी और सोने की चैन छीन ली। पीड़ित के मुताबिक काफी प्रयास और हस्तक्षेप के बाद उन्हें मुक्त किया गया। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते पुलिस द्वारा उचित कार्रवाई की जाती, तो स्थिति यह न बनती। मार्तन सिंह का कहना है कि उन्होंने घटना की लिखित शिकायत बरौर थाने में की थी, लेकिन पुलिस ने न तो मामले की जांच प्रारंभ की और न ही किसी आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की। पीड़ित ने आरोप लगाया कि कार्रवाई की मांग करने पर मुकुल पांडे, रचित त्रिवेदी, दीपक, सहवाज, प्रंकुल पांडे और अखिलेश द्विवेदी नामक व्यक्तियों ने गाली-गलौज करते हुए उन्हें धमकी दी। पीड़ित का दावा है कि आरोपियों में से एक व्यक्ति की संबंधित ऑडियो रिकॉर्डिंग भी वायरल हो चुकी है, जो घटना की पुष्टि करती है। उन्होंने कहा कि न्याय के लिए दर-दर भटकने पर मजबूर होना पड़ रहा है, जबकि कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की जिम्मेदारी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि उच्चाधिकारियों के हस्तक्षेप से मामले में निष्पक्ष कार्रवाई होगी और दोषियों पर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल शिकायत पुलिस अधीक्षक कार्यालय तक पहुंच चुकी है और एसपी ने मामले की निष्पक्ष जांच के लिए भोगनीपुर सीओ संजय सिंह को जांच के लिए निर्देशित किया है । अब देखना होगा कि प्रशासन आगे क्या कदम उठाता है।

# फावड़े से महिला की हत्या करने वाला आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार

## खून से सनी शर्ट और वारदात में प्रयुक्त फावड़ा बरामद

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**आगरा।** थाना डौकी क्षेत्र के ग्राम कुण्डौल में फावड़े से महिला की हत्या के मामले में पुलिस ने तीव्र कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को मृतका के पुत्र राजेंद्र सिंह ने थाना डौकी में तहरीर देकर बताया था कि सुबह करीब 10.30 बजे उनकी माता राजन देवी पशुओं के बाड़े में गई थीं।

उसी समय वहां मौजूद परिवार का नौकर छोटू पुत्र सत्तार खान चारा डाल रहा था। शोर सुनकर जब वह बाड़े पर पहुंचे तो देखा कि छोटू उनकी मां के सिर पर फावड़े से प्रहार कर रहा था। घटना में गंभीर रूप से घायल हुई राजन देवी को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। आरोपी मौके से फरार हो गया था। मामले में थाना डौकी पर मुकदमा दर्ज किया गया। घटना की गंभीरता देखते हुए पुलिस उपायुक्त पूर्वी जोन अभिषेक अग्रवाल तुरंत मौके पर पहुंचे और निरीक्षण कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित की।

उसी क्रम में पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी कुण्डौल तिराहे के पास मौजूद है। डौकी पुलिस टीम ने तत्काल दबिश देकर आरोपी छोटू पुत्र सत्तार खान को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर घटना के समय पहनी हुई खून से सनी शर्ट तथा घटनास्थल से वारदात में प्रयुक्त फावड़ा भी बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर मामले में धारा 238 बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह पिछले पांच वर्षों से मृतका के यहां घरेलू काम करता था और रात में बाड़े में ही रहता था। आरोपी नशा करता था, जिस कारण मृतका उसे वेतन नहीं देती थी, केवल खाना देती थी। नाराज होकर उसने काम छोड़ दिया था और घर चला गया था। घटना के दिन वह नहाने के लिए मृतका के बाड़े पर पहुंचा, जहां मृतका ने उसे डांटते हुए गोबर उठवाने के लिए कहा। मना करने पर मृतका ने उसे थप्पड़ मार दिया, जिससे आवेश में आकर उसने फावड़े से हमला कर दिया और मौके से भाग गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष योगेश कुमार तथा उपनिरीक्षक देवेंद्र सिंह की टीम ने आरोपी की गिरफ्तारी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# इंस्टाग्राम की दोस्ती बना ब्लैकमेलिंग का जाल, महिला की अश्लील वीडियो वायरल

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**आगरा।** सोशल मीडिया पर दोस्ती करना एक विवाहित महिला के जीवन में भय और तनाव का कारण बन गया। इंस्टाग्राम पर बने रिश्ते ने खौफनाक मोड़ तब ले लिया जब एक युवक ने महिला की अश्लील वीडियो उसकी ही इंस्टाग्राम आईडी पर अपलोड कर दी और इसके बाद उसके पति को फोन करके जान से मारने की धमकी तक दे डाली। पीड़िता ने हिम्मत जुटाकर साइबर क्राइम थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश तेज कर दी है।



पीड़िता के अनुसार इंस्टाग्राम पर खुद को भूपेन्द्र सिंह गुर्जर बताने वाले युवक ने उससे संपर्क साधा था। वह खुद को ग्वालियर के दीनदयाल नगर का निवासी और यूट्यूब फेमस बताकर सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देता रहा। लगातार मैसेज कर वह महिला पर दबाव बनाने लगा और उसे परेशान करता रहा। जब महिला ने उससे दूरी बनाने और चैटिंग बंद करने की कोशिश की, तो आरोपी ने बदला लेने की नीयत से उसकी अश्लील वीडियो सीधे उसकी इंस्टाग्राम आईडी पर अपलोड कर दी। वीडियो कुछ ही मिनटों में कई लोगों तक पहुंच गई, जिससे महिला सकते में आ गई और मानसिक रूप से बेहद परेशान हो गई। मामला यहीं नहीं रुका जब महिला के पति ने आरोपी से बात करने की कोशिश की, तो भूपेन्द्र सिंह ने उन्हें भी अपशब्द कहे और दोनों को गोली मारने की धमकी दी। पीड़िता ने धमकी की पूरी रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखकर पुलिस को सौंप दी है। शिकायत मिलने के बाद साइबर क्राइम थाना पुलिस हरकत में आ गई है। टीम आरोपी के सोशल मीडिया अकाउंट, मोबाइल नंबर और लोकेशन की तकनीकी जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है और जल्द ही उसे पकड़ा जाएगा।

# व्यापारियों और पूर्व मंत्री के दुकान विवाद में जांच समिति गठित

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**पिनाहट** व्यापारियों और पूर्व मंत्री के मध्य चल रहे दुकानों के विवाद में व्यापारियों की शिकायत पर जिलाधिकारी ने एडीएम फाइनेंस और एसडीएम फतेहाबाद की टीम गठित कर 15 दिन में रिपोर्ट देने के आदेश दिए हैं। कस्बा में 180 दुकानों पर पूर्व मंत्री और दुकानदारों के मध्य दुकानों के मालिकाना हक को लेकर विवाद चल रहा है। जिसमें सासंद राजकुमार चाहर और सुग्रीव सिंह चौहान के साथ बीस तारीख को दुकानदार जिलाधिकारी अरविंद मलप्पा बंगारी से मिलें थे। और पूर्व मंत्री पर जबरन दुकानों की रशीद अपने नाम कटवाने का आरोप लगाया था। जिसमें दुकानदारों ने कहा कि पूर्व मंत्री के नाम गृहकर रशीद का जो रजिस्टर है। वह किसी अधिकारी के द्वारा प्रमाणित नहीं है। वर्ष 1988 से 2014 तक नगर पंचायत के गृहकर में पूर्व मंत्री का नाम तक नहीं है। वर्ष 2014,15 में नगर पंचायत के बाबुओं ने मिलकर कटिंग कर फर्जी तरीके से पूर्व मंत्री के नाम अंकित कर दिया है। जबकि इस सम्बन्ध में जिले पर कोई प्रमाण नहीं है। वर्ष 2024 में नगर पंचायत रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है। कि रजिस्टर में जगह जगह कटिंग कर फ्लूट लगाया गया है। जिसमे दुकानदारों ने नगर पंचायत के बाबुओं और पूर्व मंत्री के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। जिसमें जिलाधिकारी ने मामले की जांच के लिए एडीएम फाइनेंस और एसडीएम फतेहाबाद की टीम गठित कर 15 दिन में रिपोर्ट देने को कहा है।

# लंबित मांगों समस्याओं को लेकर समाधान दिवस में काली पट्टी बांध लेखपालों ने जताया विरोध

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**फतेहपुर सीकरी** थाना फतेहपुर सीकरी समाधान दिवस में उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर अपनी लंबित विभिन्न मांगों व समस्याओं को लेकर काली पट्टी बांधकर विरोध जताया गया । उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ का आरोप है कि सरकार द्वारा कई बार पत्राचार व शिकायतों के बाद भी लेखपालों की लंबित मांग और समस्याओं का समाधान नहीं किया गया है । इसके लिए काली पट्टी बांधकर विरोध जताया गया है समाधान दिवस में काली पट्टी बांध विरोध के दौरान लेखपाल भूपेन्द्र फौजदार ,लेखपाल, युवराज सिंह, लेखपाल मीना कुमारी ,लेखपाल भूपेन्द्रपाल ,लेखपाल यदुवंश कुमार समेत कई मौजूद रहे।

# विदेशी गिफ्ट के नाम पर महिला से ठगे एक लाख, वीडियो वायरल कर दी धमकी

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**आगरा।** सोशल मीडिया पर बनी दोस्ती न्यू आगरा की एक विवाहित महिला के लिए जाल साबित हुई। इंस्टाग्राम पर बने रिश्ते ने इतना खतरनाक मोड़ ले लिया कि महिला न सिर्फ एक लाख रुपये की साइबर ठगी का शिकार हुई, बल्कि ब्लैकमेलिंग के चलते उसकी निजी वीडियो रिकॉर्डिंग भी वायरल कर दी गई। साइबर ठगों के इस गिरोह ने विदेशी गिफ्ट और प्रेमजाल का शातिर तरीका अपनाकर महिला से पैसे ऐंठे और फिर धमकी देकर परेशान किया। पीड़िता ने साइबर सेल को बताया कि इंस्टाग्राम पर उसकी पहचान एक युवक से हुई, जिसने खुद को विदेश में कारोबार करने वाला बताया था। दोनों के बीच चैटिंग और वीडियो कॉल का सिलसिला बढ़ा तो महिला का भरोसा भी गहरा होता गया। युवक ने दावा किया कि वह जल्द ही भारत आकर उससे मिलेगा और एक महंगा गिफ्ट भी लाएगा। इसी बहाने उसने महिला को भावनात्मक रूप से पूरी तरह अपने प्रभाव में ले लिया। कुछ दिनों बाद युवक ने फोन कर बताया कि एयरपोर्ट पर कस्टम अधिकारियों ने उसे रोक लिया है और उसके पास मौजूद गिफ्ट जब्त कर लिया है। उसे छुड़ाने के लिए एक लाख रुपये की जरूरत है। घबराई हुई महिला ने कहीं से पैसे जुटाकर बताए गए खाते में ट्रांसफर कर दिए। रकम मिलते ही ठगों ने और पैसों की मांग शुरू कर दी। इतना ही नहीं, युवक पहले ही महिला की वीडियो कॉल रिकॉर्ड कर चुका था। उसने रिकॉर्डिंग दिखाकर महिला को डराया और आगे पैसे न देने पर उसे सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी। महिला के इनकार करते ही साइबर अपराधी ने उसकी रिकॉर्डिंग इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर दी, जिससे वह और अधिक मानसिक रूप से टूट गई। लगातार आ रही धमकियों और बदनामी के डर से परेशान महिला ने अंततः साइबर क्राइम सेल में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस अब आरोपी के सोशल मीडिया अकाउंट, बैंक ट्रांजैक्शन और आईपी एड्रेस की जांच में जुटी है। अधिकारियों का कहना है कि ऐसे मामलों में सोशल मीडिया पर अनजान लोगों से दोस्ती और निजी जानकारी साझा करना बड़ा खतरा बन सकता है।

# एस.एन. मेडिकल कॉलेज में हृदय सेतु, प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

## पांच जिलों के डॉक्टर व स्टाफ को मिला मेजर हार्ट अटैक उपचार का विशेष प्रशिक्षण

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**आगरा।** सरोजनी नायडू मेडिकल कॉलेज में दो दिवसीय हृदय सेतुः (मेजर हार्ट अटैक–स्टेमी देखभाल) प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मेजर हार्ट अटैक के त्वरित और प्रभावी उपचार के लिए लागू स्पोक एंड हब मॉडल के अंतर्गत एस.एन. मेडिकल कॉलेज आगरा को प्रमुख केंद्र (हब) के रूप में विकसित किया गया है। इसके साथ ही आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद, एटा और हाथरस जिलों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, जिला अस्पतालों, विशेष अस्पतालों तथा नए मेडिकल कॉलेजों को सहायक केंद्र (स्पोक) के रूप में जोड़ा गया है।

प्राचार्य और अधिष्ठाता प्रशांत गुप्ता के मार्गदर्शन में हृदय रोग विभागाध्यक्ष बसंत कुमार गुप्ता और उनकी टीम द्वारा दो दिन तक चलने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम में पांचों जिलों के चिकित्सकों, चिकित्सा अधिकारियों, स्टाफ नर्सों और पैरामेडिकल कर्मचारियों को मेजर हार्ट अटैक (स्टेमी) के उपचार से संबंधित महत्वपूर्ण तकनीकी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में यह बताया गया कि सीने में दर्द के साथ आए मरीज का तुरंत ईसीजी कर यदि 12 घंटे के भीतर उसे मेजर हार्ट अटैक का मामला पाया जाता है, तो संबंधित केंद्र (स्पोक) पर ही हृदय रोग विभाग, एस.एन. मेडिकल कॉलेज आगरा से समन्वय स्थापित कर दस मिनट के भीतर 50,000 रुपये मूल्य का जीवनरक्षक इंजेक्शन टेनेक्टेप्लेस लगाया जाना आवश्यक है। इससे मरीज की जान जाने का जोखिम लगभग 30 प्रतिशत तक कम हो जाता है। उपचार के बाद मरीज को आगे की देखभाल के लिए सरकारी एम्बुलेंस से एस.एन. मेडिकल कॉलेज भेजा जाता है।



पहले दिन आगरा और मथुरा के 50 चिकित्सा कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जबकि दूसरे दिन फिरोजाबाद, एटा और हाथरस के 50 चिकित्सा कार्मिकों को प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य और अधिष्ठाता प्रशांत गुप्ता, अतिरिक्त निदेशक ज्योत्स्ना भाटिया, संयुक्त निदेशक/स्टेमी नोडल अधिकारी–उत्तर प्रदेश सरकार कमलेश यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी आगरा अरुण श्रीवास्तव, हृदय रोग विभागाध्यक्ष बसंत कुमार गुप्ता तथा अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी पियूष जैन (जिला नोडल–आगरा) द्वारा किया गया। प्रशिक्षण सत्रों का संचालन और मार्गदर्शन डॉ. दीप, डॉ. दिवस (यूपीटीएसयू), डॉ. बसंत गुप्ता, डॉ. हिमांशु यादव तथा डॉ. सौरभ नागर द्वारा किया गया। कार्यक्रम को लेकर मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने आशा व्यक्त की कि इस मॉडल से मेजर हार्ट अटैक के मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध कराकर बड़ी संख्या में जीवन बचाए जा सकेंगे।

# अधिकारियों की मनमानी बर्दाश्त नहीं, संविदा सफाई कर्मचारियों को स्थायी करने की मांग तेज



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**आगरा।** नगर निगम कर्मचारियों की समस्याओं की अनदेखी पर सफाई कर्मियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। वार्ड यमुना पार के सफाई कर्मचारियों की गांधी स्मारक पर हुई बैठक में वक्ताओं ने नगर निगम अधिकारियों पर कर्मचारियों की लगातार हो रही उपेक्षा का आरोप लगाते हुए स्पष्ट कहा कि यह किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष हरीबाबू वाल्मीकि ने चेतावनी देते हुए कहा कि अधिकारियों की मनमानी का पुरजोर विरोध किया जाएगा। बैठक में कर्मचारी नेता विनोद इलाहाबादी ने कहा कि आगामी सदन की बैठक में संविदा सफाई कर्मचारियों को स्थायी किए जाने का प्रस्ताव पारित कराने के लिए नगर आयुक्त से अनुरोध किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि यह प्रस्ताव पारित नहीं होता है तो सफाई कर्मचारी सदन की कार्यवाही भी नहीं चलने देंगे। बैठक में श्याम कुमार करुणेश, सुन्दर बाबू चंचल, हरीबाबू वाल्मीकि, सन्तोष डागौर, बसन्त पाथरे, जयकिशन कछवाहा, सुरेश चौहान, दिलीप खरे, नीरज उर्फ निक्कू, हृदेश कुमार, दीपक चंचल, शिवा मुंसव, बंटू, मंजू देवी, श्रीमती आशा देवी, अजय मुंसव, सतपाल सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

# होटल के कमरे से मालिक का पैसों से भरा बैग सहित फरार ड्राइवर गिरफ्तार



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**आगरा।** होटल के कमरे से मालिक का सात लाख से अधिक रुपये से भरा बैग चोरी कर फरार हुए ड्राइवर को सदर बाजार थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। ड्राइवर आशुतोष वर्मा पर आरोप है कि वह अपने मालिक के साथ दिल्ली से लखनऊ लौट रहा था और रास्ते में आगरा के नामनेर स्थित एक होटल में ठहरने के दौरान उसने मौका पाकर बैग लेकर फरार हो गया। पीड़ित ने 30 अक्टूबर को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। पीड़ित मूर्ति बनाकर बेचने का काम करता है और दिल्ली से अपने काम के सात लाख दस हजार रुपये बैग में रखकर लौट रहा था। रात में आराम के लिए दोनों होटल में रुके, लेकिन सुबह जब मालिक की नींद खुली तो ड्राइवर आशुतोष और पैसों से भरा बैग कमरे से गायब थे। इस घटना के संबंध में सदर बाजार थाने में मुकदमा पंजीकृत किया गया और पुलिस टीमों का गठन कर छानबीन शुरू की गई। होटल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई और ड्राइवर के मोबाइल की लोकेशन भी ट्रेस की गई।

लगातार प्रयासों के बाद 21 नवंबर को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आशुतोष को टैंक चौराहे के पास से दबोच लिया। तलाशी में उसके पास से दो बैग, एक डायरी, एक मोबाइल फोन, कुछ कपड़े और 1,380 रुपये बरामद हुए। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि उसने रात में मालिक का बैग चोरी किया और कमरे के बाहर से लॉक लगाकर भाग गया, ताकि मालिक उसका पीछा न कर सके। उसने बताया कि वह लखनऊ में चल रहे अपने कर्जे को चुकाने के लिए यह वारदात किया और बड़ी रकम कर्ज उतारने में खर्च कर दी, जबकि शेष पैसे से मोबाइल और अन्य सामान खरीद लिया। पुलिस ने अभियुक्त को हिरासत में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# आगरा में संयुक्त चेकिंग का बड़ा असर, अनाधिकृत बस जब्त



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**आगरा।** शहर में अनियमित और अनाधिकृत रूप से संचालित हो रही बसों पर नकेल कसने के लिए शुक्रवार को पुलिस, आरटीओ और रोडवेज विभाग की संयुक्त टीम ने सख्त चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान आगरा से इटावा की ओर जा रही एक अनाधिकृत बस यूपी13एटी2729 को पकड़कर मौके पर ही सीज कर दिया गया। संयुक्त कार्रवाई में एआरटीओ प्रवर्तन आलोक अग्रवाल, पीटीओ नीलम सिंह, थाना हरिपर्वत के एसएचओ नीरज शर्मा और फोर्ट डिपो की सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक शशि रानी सहित विभागीय टीम मौजूद रही। अधिकारियों के अनुसार बस बिना वैध परमिट और आवश्यक दस्तावेजों के संचालित की जा रही थी। टीम ने बस को रोककर उसकी जांच की, जिसमें कई अनियमितताएँ सामने आईं।

चेकिंग अभियान के दौरान यात्रियों से बातचीत कर उन्हें सुरक्षित और अधिकृत परिवहन सेवाओं के उपयोग के प्रति जागरूक भी किया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों और ऑपरेटरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। टीम ने बताया कि सड़क सुरक्षा और सुचारू यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसे संयुक्त अभियान नियमित रूप से चलाए जाते रहेंगे।

# मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

## घर-घर जाकर बीएलओ कर रहे गणना प्रपत्र का वितरण-संकलन

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**आगरा।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर-2026) की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र (एन्यूमरेशन फॉर्म) के वितरण एवं संकलन की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गई।



जिलाधिकारी ने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को और अधिक शुद्ध, अद्यतन और समावेशी बनाना है, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मताधिकार से वंचित न रह जाए। उन्होंने सभी बीएलओ और सुपरवाइजर को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर पहुंचकर प्रत्येक मतदाता को गणना प्रपत्र उपलब्ध कराएं और संकलन कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरा करें। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के सभी बूथों पर यह अभियान समान रूप से चल रहा है और निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सुपरवाइजर तथा बीएलओ लगातार फील्ड में सक्रिय हैं। बीएलओ द्वारा युद्धस्तर पर वितरण-संकलन किया जा रहा है, वहीं मतदाता आयोग की वेबसाइट से भी गणना प्रपत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

जिलाधिकारी ने सभी मतदाताओं से अपील की कि वे गणना पत्र की प्रविष्टियों को सही-सही भरें, नवीन फोटो आदि तैयार रखें और भरा हुआ फॉर्म हस्ताक्षर सहित तुरंत संबंधित बीएलओ को वापस कर दें। यदि कोई मतदाता घर पर उपलब्ध न हो तो परिवार का कोई भी वयस्क सदस्य सभी मतदाता सदस्यों की जानकारी भरकर हस्ताक्षर सहित फॉर्म बीएलओ को दे सकता है। उन्होंने कहा कि जिन मतदाताओं के हस्ताक्षरित फॉर्म बीएलओ को प्राप्त हो जाएंगे, उनके नाम आगामी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में सम्मिलित कर दिए जाएंगे, जिसका प्रकाशन 9 दिसंबर 2025 को किया जाना प्रस्तावित है। इसलिए सभी मतदाता समय पर अपना फॉर्म भरकर बीएलओ को उपलब्ध कराएं, ताकि किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से न छूटे।

जिलाधिकारी ने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत गणना प्रपत्र के वितरण और संकलन की प्रक्रिया 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक संचालित की जा रही है, जबकि आलेख्य निर्वाचक नामावली 9 दिसम्बर को प्रकाशित होगी। दावे और आपत्तियां 8 जनवरी 2026 तक स्वीकार की जाएंगी और अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 फरवरी 2026 को किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी इस अभियान में सक्रिय सहयोग दे रहे हैं, जिससे निर्वाचक नामावली को अधिकतम सटीक व पारदर्शी बनाया जा सके। जिलाधिकारी ने पुनः सभी मतदाताओं से अनुरोध किया कि वे बीएलओ को सहयोग करते हुए गणना पत्र को सही-सही भरकर तुरंत जमा कर दें, ताकि अंतिम मतदाता सूची में सभी पात्र नागरिकों का नाम सुनिश्चित रूप से दर्ज हो सके। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी यमुनाधर चौहान, एडीएम प्रशासन आजाद भगत सिंह, एडीएम वित्त एवं राजस्व शुभांगी शुक्ला सहित एईआरओ, सुपरवाइजर और बीएलओ मौजूद रहे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं प्रधान संपादक- सुशील कुमार सिंह (मोबाइल न. 8077588101), एन-30 ऑफसेट रघुनाथपुर सेक्टर-22, नोएडा उत्तर प्रदेश से छपवाकर हाउस न.. - 52 , ग्रीनवुड -2 , सेक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, 201308 से प्रकाशित। (RNI No. UPHIN/2015/60949)
(समस्त विवादों के लिए न्यायिक क्षेत्र गौतमबुद्धनगर होगा) प्रकाशिक सामग्री या विज्ञापन में संपादक / प्रकाशक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। इससे संबंधित किसी भी प्रकार की कार्यवाही या पूछताछ प्रकाशन तिथि से तीन माह के अंदर की सकती है। ई-मेल-noida.morningcity@gmail.com।